चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 182 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
25 दिसंबर 2024
बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
25 अधिकतम
10 न्यूनतम



Page-7

## मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड समेत 10 जिलों में उठेंगी समग्र विकास की लहरें

# 20 साल पुराना सपना धरातल पर उतरा पीएम ने केन-बेतवा प्रोजेक्ट की नींव रखी

**भोपाल/खजुराहो दोपहर मेट्रो, एजेंसी।**

मप्र में आज एक बरसों पुराना ख्वाब हकीकत की जमीन पर आकार लेने के लिए बढ रहा है। तत्कालीन पीएम अटलबिहारी वाजपेयी के दौर में बनी केन-बेतवा नदी जोडो परियोजना की शुरूआत आज पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। 44 हजार करोड से अधिक की इस योजना से जलसंकट से जूझते बुंदेलखंड समेत कई जिलों में पानी,सिंचाई और रोजगार के अवसर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिए खजुराहो पहुंच गए हैं और यहां उत्सव जैसा माहौल है। मोदी ने इस रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया। 221 किमी लंबी नहर से बेतवा में केन नदी का पानी मिलेगा। इससे मध्यप्रदेश के 44 लाख लोगों के साथ उत्तरप्रदेश के भी 21 लाख लोगों को फायदा मिलेगा। पीएम के साथ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, सीएम मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और एमपी-यूपी के बुंदेलखंड क्षेत्र के सांसद और विधायक मौजूद हैं। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से दौरे करके सीएम यादव ने लोगों को खजुराहो के समारोह में पहुंचने का न्यौता दिया था। आज मोदी मप्र को कुछ और सौगातें दे रहे है। इनमें ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सौर परियोजना और 1153 गांवों में सुशासन भवनों के भूमिपूजन के अलावा स्व वाजपेयी की स्मृति में स्टांप व सिक्का भी जारी किया गया है। केन-बेतवा परियोजना के तहत छतरपुर जिले के खजुराहो से करीब 28 किलोमीटर की दूरी पर दौधन गांव में केन नदी पर बांध बनाया जाएगा। यहीं दो टनल और पावर हाउस बनेंगे। दौधन डैम से छतरपुर, टीकमगढ़, झांसी और निवाड़ी जिले के गांवों से होते हुए नहर का पानी झांसी जिले में बरुआसागर के करीब पारीछा बांध के ऊपरी हिस्से में छोड़ा जाएगा। इस योजना से मप्र के बुंदेलखंड के जिले ही नहीं बल्कि शिवपुरी,दतिया,रायसेन,विदिशा तक फायदा होगा। चंदेलकालीन 42 पुरातन तालाबों का पुनर्निमाण होगा।



फाइल फोटो



**केन बेतवा लिंक के फायदे:** सूखा घटाने में मदद मिलेगी, बुंदेलखंड क्षेत्र में कुआं, ट्यूबवेल और तालाबों पर आश्रित किसानों को नदियों के जुड़ने से ग्राउंड वाटर पर निर्भरता कम होगी व बेहतर सिंचाई के लिए स्थायी व्यवस्था हो सकेगी। इस बहु उद्देशीय बांध से न केवल जल संरक्षण में तेजी आएगी, बल्कि 103 मेगावाट जल-विद्युत का उत्पादन भी होगा। पन्ना टाइगर रिजर्व के जल संकट वाले क्षेत्रों में बांधों से जंगलों का जीर्णोद्धार होगा जो इस क्षेत्र में जैव विविधता को मजबूत करेगा। सिंचाई और पेयजल की उपलब्धता से बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि और अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना

खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में स्थापित फ्लोटिंग सौर परियोजना के लोकार्पण से भी कई फायदें हैह। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है। परियोजना के द्वितीय चरण की 240 मेगावॉट क्षमता के लिए एमपीपीएसीए से आवश्यक सहमति उपरांत चयनित विकासक 'सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड' से अनुबंध हस्ताक्षरित किया जाना प्रस्तावित है।

### अटल स्मारक पहुंचे मोदी-शाह

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज 100वीं जयंती के मौके पर उन्हें याद किया जा रहा है। आज सुबह मप्र रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत एनडीए के शीर्ष नेता पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देने के लिए दिल्ली में 'सदैव अटल स्मारक' पहुंचे। वाजपेयी की 100वीं जयंती के मौके पर केंद्र सरकार विभिन्न स्तरों पर समारोहों का आयोजन भी कर रही है।

### बांग्लादेश से कारोबार का बायकॉट, दुकानों पर लगे पोस्टर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों का मामला सुर्खियों में है तो दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित ऑटो पार्ट्स के थोक व्यापारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की वजह से पड़ोसी देश के साथ व्यापार का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। ऑटोमोटिव पार्ट्स मर्चेंट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विनय नारंग ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हाल ही में हुए हमलों के खिलाफ कश्मीरी गेट ऑटो पार्ट्स मार्केट ने फैसला पड़ोसी देश के साथ बिजनेस नहीं करने का फैसला किया है। क्योंकि वहां पर हिंदुओं के साथ अत्याचार हुआ, मंदिरों को नष्ट किया गया और कई हिंदू भाइयों को जान से मार दिया गया। करीब 2000 दुकानों ने बांग्लादेश को एक्सपोर्ट करना बंद कर दिया है।

### विश्वास ने एक बार फिर कहा- *बच्चों को रामायण पढ़ाओ...*

**लखनऊ, एजेंसी।** बीते दिनों रामायण व श्रीलक्ष्मी सबंधी बयान के बाद निशाने पर आए कवि कुमार विश्वास ने अब लखनऊ में 'अटल गीत गंगा' कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में एक बार फिर से रामायण और महाभारत को लेकर बयान दिया। विश्वास ने कहा, फिर कह रहा हूं, अपने बच्चों को रामायण पढ़ाओ, महाभारत पढ़ाओ और इसलिए पढ़ाओ की फायदा होगा, मुझे हुआ है। मैंने महाभारत पढ़ी थी, तो मुझे पता था कि मित्र अगर दुर्योधन निकल जाए तो उसके रथ से उतर कर भागो, नहीं तो करण की तरह मारे जाओगे।

### मवेशी पकडने का विरोध, ननि कर्मियों को पीटा, गाडी फोड़ी

**इंदौर।** आज सुबह बिजलपुर इलाके में सड़क पर घूमते मवेशियों की पकड़ने पहुंची नगर निगम की टीम पर पशुपालकों ने हमला कर दिया। निगम कर्मचारियों से मारपीट कर गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। 20 से ज्यादा वाहनों के कांच फोड़ दिए गए। हमलावरों में से कुछ खुद को बजरंग दल का सदस्य बता रहे थे। बताते हैं कि जब निगम के कर्मचारियों मवेशियों को वाहनों में ले जा रहे थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में पशुपालक हाथ में लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे और वाहनों के कांच फोड़ने लगे। नगर निगम के कर्मचारियों ने जब उन्हें ऐसा करने से रोका तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

## मणिपुर में पुल ने नीचे मिला साढ़े तीन किलो विस्फोटक

**इंफाल, एजेंसी**

### सेना ने चलाया अभियान



हिंसाग्रस्त मणिपुर को दहलाने की कोशिशें को भारतीय सेना की सक्रियता से लगातार नाकाम किया जा रहा है। अब भारतीय सेना की असम राइफल्स इकाई और मणिपुर पुलिस ने एक गांव में आईईडी की सूचना पर कार्रवाई की और यहां से 3.6 किलो विस्फोटक जब्त किया। सेना के मुताबिक चुराचांदपुर जिले के लेसियांग गांव में आईईडी की सूचना पर संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया तो एक पुल के नीचे 3.6 किलोग्राम विस्फोटक, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया गया। इससे पहले मणिपुर में सुरक्षा बलों ने सोमवार को चुराचांदपुर जिले के तेइजांग गांव में तलाशी अभियान चलाया। यहां से तीन देसी रॉकेट, मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, मैगजीन के साथ चार पिस्तौल, छह देसी बम और कम गुणवत्ता वाले विस्फोटक की 45 छड़ें और अन्य कारतूस जब्त किए थे। जबकि लेसियांग गांव में सुरक्षा बलों ने नौ आईईडी और डेटोनेटर जब्त किए।

### कन्वेंशन सेंटर में कैबिनेट

## मोहन सरकार का कल महामंथन, मंत्री, अफसर करेंगे वन-टू-वन

**भोपाल।** मोहन सरकार अब मंथन करने जा रही है। यह भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को होगा। पहले कैबिनेट बैठक होगी फिर मंथन की शुरुआत होगी। यह मंथन पहले तो हिल स्टेशन पचमढ़ी में होना था। इसमें सीएम, मंत्री व अधिकारियों के बीच प्रत्येक विभाग, उनमें चल रहे कामकाज, प्रमुख योजनाओं को लेकर वन-टू-वन चर्चा की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक एक-एक करके प्रत्येक विभागों पर विस्तार से मंथन होगा। केंद्र व राज्य की महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा होगी तो वहीं प्रस्तावित योजनाओं पर भी नए सिरे से विचार-विमर्श किया जाएगा। माना जा रहा है कि मंथन में सरकार अपने कामकाज का स्व मूल्यांकन करने के साथ ही कामों की गति बढ़ाने पर विचार करेगी। सरकार के सामने विभागों के प्रशासनिक मुखिया लेखा-जोखा पेश करेंगे। जिसमें मुख्यमंत्री तो अपनी राय रखेंगे ही, साथ में दूसरे विभाग के अधिकारी भी अपने भी सुझाव दे सकेंगे।

## मप्र में मावठा, कोहरा घना हुआ

**नईदिल्ली/भोपाल, एजेंसी**

मध्यप्रदेश में सीजन का पहला मावठा गिर रहा है। आज सुबह नौ बजे तक भी भोपाल समेत कई शहरों में घना कोहरा छाया रहा। सीहोर में विजिबिलिटी 50 मीटर तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटे में 10 से ज्यादा जिलों में हल्की बारिश हुई। भिंड में भी पानी गिरा है। ऐसा ही मौसम अगले 4 दिन बना रहेगा। जबकि 27 दिसंबर को ओले-बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन सकता है। जिसका भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में असर देखने को मिलेगा। उधर जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के बाद कडाके की ठंड है। लाहौल और स्पीति का कुकुमसेरी सबसे ठंडा रहा। यहां रात का तापमान माइनस 6.9ए से नीचे चला गया। हिमाचल में बर्फबारी के बाद तीन नेशनल हाईवे समेत 223 सड़कें बंद कर दी गईं। शिमला में सबसे ज्यादा 145 सड़कें बंद की गईं, जबकि कुल्लू में 25 और मंडी जिलों में 20 सड़कें बंद की गईं। इससे वहां पहुंचे टूरिस्ट्स फंस गए हैं। इधर राजस्थान और दिल्ली में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन दिल्ली पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में तापमान और कम हो सकता है। 9 राज्यों मे घने कोहरे का भी अलर्ट है। हरियाणा के कुछ जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर से कम हुई। वहीं, दिल्ली में विजिबिलिटी घटकर 100 मीटर से कम हो गई।



### मेट्रो एंकर

### क्रिसमस के दिन ही नहीं पूरे साल बांटते हैं गिफ्ट

# एक याद को जिंदा रखने के लिए सैंटा के किरदार को 30 साल से ओढ़ा एक शख्स

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिसमस के त्योहार का अलग ही जादू होता है, यह खासतौर पर बच्चों के लिए खुशी लेकर आता है, और इस जादू का केंद्र होता है सैंटा क्लॉज। सैंटा का किरदार निभाने वाले लोग बच्चों को तोहफे देकर उनकी खुशियों को दोगुना कर देते हैं लेकिन इंग्लैंड के वेल्स में एक ऐसा शख्स है, जिसने न केवल बच्चों की खुशियों के लिए सैंटा क्लॉज का किरदार निभाया, बल्कि इसे अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बना लिया। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक वेल्स के स्वानसिया शहर के पास पेनलरगेर गांव में रहने वाले टेरी रीज को बच्चे आज भी सैंटा क्लॉज मानते हैं। 72 साल के टेरी ने 30 साल पहले सैंटा का किरदार निभाना शुरू किया था, लेकिन तब से लेकर आज तक वह इसी किरदार में जी रहे हैं। दरअसल,टेरी की सैंटा बनने की कहानी 30 साल पहले तब शुरू हुई, जब उनके एक दोस्त ने उनसे अनाथ बच्चों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में सैंटा क्लॉज बनने का अनुरोध किया। टेरी ने खुशी-खुशी यह जिम्मेदारी निभाई, लेकिन यह उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गई। टेरी ने अपने लुक को सैंटा क्लॉज के जैसा ही रखा है। उनकी दाढ़ी और बाल आज भी सैंटा की तरह लंबे और सफेद हैं। यहां तक कि जब वह अपने सैंटा सूट में नहीं होते, तब भी बच्चे उन्हें सैंटा ही मानते हैं। उनकी इस छवि ने उन्हें गांव और आसपास के इलाकों में खास पहचान दिलाई है। टेरी हर साल क्रिसमस के मौके पर कई स्कूलों और कार्यक्रमों में सैंटा क्लॉज बनकर जाते हैं बच्चों को गिफ्ट देते हैं और उनकी खुशियों का हिस्सा बनते हैं। शायद ही कोई टेरी को उनके नाम से बुलाता है, सबके लिए अब वो सैंटा ही हैं। खास बात यह है कि पेनलरगेर गांव के बच्चों के लिए टेरी अब किसी असली सैंटा से कम भले ही नहीं हैं पर बड़े लोग जानते हैं कि टेरी एक आम इंसान हैं, लेकिन बच्चों की नजरों में वह हमेशा के लिए सैंटा क्लॉज बन चुके हैं। बच्चों को समझाने के बाद भी वे हकीकत पर यकीन करने तैयार नहीं हैं।



### सैंटा बनने के पीछे इमोशनल कहानी

टेरी की जिंदगी में सैंटा क्लॉज बनने की खास वजह उनकी पत्नी भी थीं। उनकी पत्नी क्रिसमस को लेकर बेहद उत्साहित रहती थीं और हर साल उनसे सैंटा बनने की गुजारिश करती थीं। वह टेरी को उनकी ड्रेस हमेशा साथ रखने को कहतीं, ताकि छुट्टियों में भी वह सैंटा बनकर दूसरों को खुश कर सकें। दिसंबर 2020 में, क्रिसमस ईव पर टेरी ने अपनी पत्नी को खो दिया। उस दिन उन्होंने अपनी पत्नी को अंतिम विदाई दी. हालांकि, इस गम के बावजूद टेरी ने सैंटा बनने का अपना सफर नहीं छोड़ा। उनका मानना है कि उनकी पत्नी यही चाहतीं कि वह बच्चों को खुशियां देते रहें।

## केजरीवाल की लोकलुभावन घोषणाओं को विभागों ने नकारा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर अब दिल्ली में अजब स्थिति बन गई है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने दोनों योजनाओं पर सवाल उठाए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने तो विज्ञापन जारी कर कहा कि ऐसी योजना नहीं हैं। रजिस्ट्रेशन करके लोगों को गुमराह किया जा रहा है। विज्ञापन में लोगों से आग्रह किया है कि अपनी जानकारी साझा करने से बचें। दिल्ली सरकार के महिला और स्वास्थ्य विभाग ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर कहा है कि ये योजनाएं उनके पास अधिसूचित नहीं हैं। अधिसूचित होने पर दिल्ली सरकार स्वयं इसके लिए पोर्टल शुरू करेगी और पंजीकरण कराएगी। विभाग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा है कि उसे मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट्स के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि एक राजनीतिक पार्टी दिल्ली की महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत प्रति माह 2100 रुपये देने का दावा कर रही है। जबकि दिल्ली सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की गई है। यदि और जब ऐसी कोई योजना अधिसूचित की जाती है, तो महिला एवं बालविकास विभाग, दिल्ली सरकार पात्र व्यक्तियों के लिए एक डिजिटल पोर्टल लॉन्च करेगा, ताकि वे अनुमोदित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकें। पात्रता की शर्तें और कार्यविधि विभाग द्वारा समय-समय पर स्पष्ट रूप से अधिसूचित की जाएंगी। इस पर पूर्व सीएम केजरीवाल आज ट्वीट में कहा कि महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं. अगले कुछ दिनों में फर्जी केस बनाकर सीएम आतिशीजी को गिरफ्तार करने का इन्होंने प्लान बनाया है।



## क्रिसमस पर प्रार्थना







भोपाल के होली फैमिली स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल के गोविंदपुर क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस पर प्रेयर का आयोजन किया गया। साथ ही अन्य चर्चों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# बाबा साहेब के महू समेत 5 तीर्थ की सरकारी खर्च पर यात्रा करेंगे श्रद्धालु

### सीएम ने की बाबा साहेब के पंचतीर्थों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल करने की घोषणा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अब श्रद्धालु और बाबा साहेब के अनुयायी उनसे जुड़े महू समेत पंच तीर्थों की भी यात्रा कर सकेंगे। यह सरकारी खर्चे पर होगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। कहा कि बाबा साहेब के नाम से स्थापित महू समेत सभी पंचतीर्थों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल किया जाएगा। बाबा साहब के जो भी अनुयायी उक्त् तीर्थ स्थलों का भ्रमण करना चाहेंगे, उन्हें पात्रता के अनुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्राएं कराएंगे। सीएम आरोप लगाए कि कांग्रेस ने बाबा साहब को कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया था, उन्हें उप चुनाव में हराने वाले नारायण सदोबा काजरोलकर को कांग्रेस की ही सरकार में पद्म भूषण दिलाया गया था। ये भी आरोप लगाए कि बाबा साहब ने अपने इस्तीफे में नेहरू के खिलाफ कई बातें लिखी थी, जो कांग्रेस द्वारा उनके अपमान को दर्शाती है।



#### अपने ही नेताओं का अपमान किया

सीएम ने कांग्रेस को जमकर घेरा। वह प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कह रहे थे कि पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरु, इंदिरा गांधी समेत सभी नेताओं ने अपने-अपने समय में डॉ. आंबेडकर का अपमान किया था। अब भी यह क्रम जारी है। बाबा साहेब कश्मीर में 370 पसंद को पसंद नहीं कर रहे थे। कांग्रेस ने एक वर्ग का भला किया। नेहरू, इंदिरा से लेकर पार्टी के कई नेताओं को भारत रत्न जैसा सम्मान मिला, जबकि इनमें से कई ने तो भारत रत्न प्राप्त करने जैसा काम भी नहीं किया। कांग्रेस पर डॉ. आंबेडकर का अपमान व सरदार वल्लभ भाई पटेल, पूर्व राष्ट्रपति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणव मुखर्जी जैसी हस्तियों की भी अनदेखी की। महू में डॉ. आंबेडकर का स्मारक बनवाया, विभिन्न शहरों में उनकी याद में स्थलों का निर्माण कराया गया। लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी महू नहीं आए। नेता प्रतिपक्ष का पद बड़ा होता है, लेकिन उस पद के अनुरूप राहुल गांधी में गंभीरता नहीं दिखाई देती। सांसदों को घायल कर दिया, यदि गंभीर होते तो उनका हालचाल जानते, अस्पताल जाते।

### पटवारी ने ली कांग्रेस प्रवक्ताओं की क्लास

# पदाधिकारी के बजाए प्रवक्ता चूक करे तो भरपाई मुश्किल

**भोपाल. एजेंसी**

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी के सभी प्रवक्ताओं की जमकर क्लास ली है। उन्होंने प्रवक्ताओं से साफ कहा कि बयानों को देते समय पूरा संयम व समझदारी से काम लें। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता की चूक पार्टी पर हमेशा भारी पड़ती है और इसकी भरपाई बहुत मुश्किल हो जाती है। उन्होंने विपक्ष की भूमिका निभाते हुये सकारात्मकता के साथ जनहित के मुद्दों को पूरी सूझबूझ और ताकत के साथ उठाने के लिए निर्देशित किया।

खास बात यह है कि पटवारी ने तीन दर्जन से अधिक प्रवक्ताओं की फौज को बुलाकर यह भी संकेत दिये है कि आने वाले वक्त में प्रवक्ताओं की टीम मे परिवर्तन भी किया जा सकता है। बताया जाता है कि वे प्रवक्ताओं के उन बयानों से खिन्न थे जिससे पार्टी को मुश्किलें पैदा हुई हैं। लिहाजा वे बोले कि यदि कांग्रेस का कोई पदाधिकारी चूक कर देता है तो उसका डैमेज कंट्रोल किया जा सकता है लेकिन प्रवक्ता चूक करता है तो उसकी भरपाई नहीं हो पाती है। लिहाजा टीवी चैनलों और मीडिया में अपनी बात को पूरी जवाबदेही के साथ रखें। पार्टी नेतृत्व के दिशा निर्देश अनुसार जनहित के मुद्दों पर हमें अपनी बात चाहिए और तर्क के साथ भाजपा की गलत नीतियों को उजागर करना जरूरी है। हालांकि कई मामलों में उन्होंने मीडिया टीम की भूमिका पर संतोष भी व्यक्त किया। मीडिया विभाग प्रमुख मुकेश नायक ने कहा कि कांग्रेस के प्रवक्ता निर्भिक होकर अपना पक्ष रखें।




#### टीम बदलेगी, जिलास्तर पर तैनाती

जानकार सूत्रों का कहना है कि मप्र कांग्रेस में प्रवक्ताओं की टीम में बदलाव भी संभावित है। पटवारी ने जिला व संभाग स्तर पर प्रवक्ता नियुक्त करने की बात कही है। साथ ही प्रदेशस्तर पर भी नये पुराने चेहरों का समावेश करने की तैयारी की है। इसके अलावा प्रवक्ताओं के लिये एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। बताया जाता है कि अगले कुछ दिन हर प्रवक्ता के काम की मानिटरिंग की जाएगी।



## हर मंगलवार हनुमान चालीसा का पाठ

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

दीपमाला पागरानी पब्लिक स्कूल में एक हजारों बच्चों ने विशिष्ठजनों के साथ हनुमान चलीसा का पाठ किया। हर मंगलवार को विद्यालय में प्रार्थना सभा में हनुमान चालीसा पाठ के साथ होती है। संस्था कि सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को हनुमान चालीसा याद हो गयी है अब इसका अर्थ भी समझने की आवश्यकता है। हनुमान चालीसा का पाठ करने से बल और बुद्धि का विकास होता है। सिंधी सेंट्रल पंचायत के सुरेश जसवानी ने कहा कि चालीसा पाठ से सारी कठिनाइंया दूर हो जाती हैं। कायक्रम में बालरंग में भाग लेने वाले एवं विजय दिवस पर नाटक प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर संस्था के चन्दर नागदेव, श्याम कुमार रूघानी प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्य मृदुला गौतम, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

## इजरायल के साथ मेपकास्ट करेगा जल तकनीकी पर कार्यशाला

**भारत में इजरायल एंबेसी (दूतावास) में पदस्थ दल पहुंचा मेपकास्ट, की बैठक**

**भोपाल।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकॉस्ट) ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में इजरायल की उन्नत तकनीकों को समझने और उन्हें अपनाने के उद्देश्य से इजरायली एंबेसी की वाटर अटैची नोआ को आमंत्रित किया। बैठक में प्रदेश के जल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न शासकीय विभागों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। बैठक में मेपकॉस्ट के जल संसाधन प्रमुख डॉ. कपिल खरे ने परिषद द्वारा रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीकों के माध्यम से पिछले तीन वर्षों में पूर्ण किए गए प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की। जल संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में इजरायल की अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग पर चर्चा हुई। नर्मदा समग्र और मेपकॉस्ट की संयुक्त पहल से आयोजित बैठक में वाटर सेक्टर पर काम करने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, आईसर भोपाल, केंद्रीय जल आयोग भूजल प्राधिकरण सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे। नोआ ने प्रदेश में इजरायली विशेषज्ञों की मदद से जल प्रबंधन की नई तकनीकों को लागू करने और भोपाल में एक विस्तृत कंसल्टेशन कार्यक्रम आयोजित करने की सहमति दी। इस अवसर पर परिाद की गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण श्री तस्नीम हबीब ने किया। कार्यक्रम का समापन परिषद के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रविशंकर भारद्वाज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## क्रिसमस कार्निवल का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स, जो केम्पफोर्ट पब्लिक स्कूल का प्रबंधन करता है, ने अभिभावकों, मित्रों और परिवार के लिए एक रंगारंग क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया। इस आयोजन में खेलकूद, भोजन के स्टॉल और मनोरम प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिनमें माता-पिता द्वारा प्रस्तुत गीत और नृत्य प्रमुख आकर्षण थे।




**मेट्रो एंकर** — संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में गणित दिवस

# गणित भविष्य के नवाचारों का आधार है : डालिमा

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् सभाकांत द्विवेदी, असोसिएट प्रोफेसर, गणित विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन एवं समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनिल राजपूत, प्रोफेसर गणित, ओएसडी, उच्च शिक्षा शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि गणित हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल तार्किक सोच और समस्या समाधान को प्रोत्साहित करता है, बल्कि हमारे भविष्य के नवाचारों का आधार भी है। सभाकांत द्विवेदी ने कहा कि गणित केवल अंकों और समीकरणों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सोचने की शक्ति को भी विकसित करता है। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. राजपूत



कहा कि श्री रामानुजन आज भी प्रासंगिक है गणित हमें अनुशासन धैर्य और तार्किक दृष्टिकोण सिखाता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बीएसएस. कॉलेज, सिसटैक, साधु वासवानी महाविद्यालय, दीन दयाल व अन्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई।



## बोट रेस में शामिल होने के लिए विधायक रामेश्वर को दिया न्योता

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में विधायक बोट रेस का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों शुरू हो चुकी हैं। श्री कनछेदीलाल केवट की स्मृति में आयोजित रेस का आमंत्रण पत्र विधायक रामेश्वर शर्मा को सौंपकर आयोजन समिति ने आने का आग्रह किया। बोट रेस के आयोजक रोहन केवट ने बताया कि रेस का 4 जनवरी, 2025 को सुबह 10 बजे शुरू होगी। पुराना विर्सजन घाट बेहटा गांव में प्रतियोगिता होगी।

भारत सरकार



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न
अटल बिहारी वाजपेयी जी
की 100वीं जन्म जयंती के
अवसर पर



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

₹ 44,600 करोड़ लागत की देश की पहली

# केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का

# शिलान्यास

तथा

## ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण

## 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन

## माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में स्टाम्प और सिक्का जारी

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों
द्वारा

## परियोजनाओं के लाभ

### केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना

- मध्यप्रदेश के 10 जिले छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर के 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र एवं उत्तरप्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा। परियोजना से कुल 65 लाख परिवारों को मिलेगी पेयजल की सुविधा।
- जल विद्युत परियोजनाओं से हरित ऊर्जा में 130 मेगावॉट का योगदान एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास और रोज़गार को मिलेगा बढ़ावा।
- चंदेल कालीन लगभग 42 पुरातन तालाबों का होगा विकास एवं पुनर्निर्माण।
- दौधन बांध के निर्माण से बाढ़ का बेहतर प्रबंधन होगा संभव।

### ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना

- 518 मेगावॉट क्षमता की यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग परियोजनाओं में से एक है।
- परियोजना से कृषि एवं उद्योग हेतु उपयोगी भूमि की बचत होगी।
- जल संरक्षण एवं हरित ऊर्जा उत्पादन से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को रोकने में सहयोग मिलेगा।

### अटल ग्राम सुशासन भवन

- अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा प्रदान करेगा।
- ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक कार्य करने, बैठकों के आयोजन एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

## गरिमामयी उपस्थिति

| मंगुभाई पटेल | डॉ. मोहन यादव | सी.आर. पाटिल |
|---|---|---|
| राज्यपाल, मध्यप्रदेश | मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश | केंद्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय |

D11136/24

## 25 दिसम्बर, 2024 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | खजुराहो, जिला छतरपुर

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2024

## संपादकीय

# जीएसटी का अजब जाल

जीएसटी यानि वस्तु एवं सेवा कर का जाल बहुत जटिल होता जा रहा है। इसे लेकर सरकार का मानस भी कई बार समझ से परे नजर आता है। हाल में जीएसटी परिषद ने कुछ निर्णय लिए और कुछ को बाद के लिए टाल दिया। यह सरकार की उलझन को भी दर्शाता है। इसी तरह निर्णय और स्पष्टीकरण एक बार फिर अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था की जटिलता को रेखांकित करते हैं। छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए परिषद ने यह स्पष्ट किया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। परिषद ने यह अनुशंसा भी की है कि खास किस्म के फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी कम किया जाए और जीन थेरेपी को कर मुक्त किया जाए। अलबत्ता पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं। बहरहाल बीमा पर जीएसटी से संबंधित बहुप्रतीक्षित निर्णय टाल दिया गया। जो लोग साल में इस समय अपने बीमा प्रीमियम जमा करते हैं उन्हें राहत की उम्मीद थी। दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए बने मंत्री समूह ने भी और समय मांगा है। एक अन्य मंत्री समूह जो क्षतिपूर्ति उपकर की समीक्षा कर रहा है उसकी भी कार्य अवधि बढ़ा दी गई है। कर व्यवस्था की स्थिरता के लिए यह आवश्यक है कि जीएसटी परिषद दोनों मंत्री समूहों की अनुशंसाओं पर एक साथ विचार करे ताकि कर ढांचे को सरल बनाया जा सके और कर दरों को राजस्व-तटस्थ स्तर पर ले जाया जा सके। यह आसान नहीं होगा और इसके लिए जीएसटी परिषद को कई बैठकें करनी पड़ सकती हैं। परिषद के लिए यह बेहतर होगा कि विशेषज्ञों को साथ लें और सभी संभावित कमियों को दूर करें। यह भी स्पष्ट किया गया है कि नमक और मसालों से मिश्रित खाने के लिए तैयार (रेडी टु ईट) पॉपकॉर्न पर पांच फीसदी जीएसटी लगता है। परंतु अगर इसे पहले से पैकेट बंद करके लेबल लगा दिया जाए तो इस पर 12 फीसदी कर लगता है। अगर इसमें शक्कर मिला दिया जाए तो यह शुगर कन्फेक्शनरी बन जाता है और इस पर 18 फीसदी कर लगता है। उदाहरण के लिए कैरामेल पॉपकॉर्न। गत सप्ताह पॉपकॉर्न पर कोई नया कर नहीं लगाया गया लेकिन इस स्पष्टीकरण के बाद सोशल मीडिया पर उचित ही बहस हुई। यह जीएसटी के डिजाइन की जटिलता का उदाहरण है। परिषद को इन्हीं दिक्कतों को दूर करना है। भारत में न केवल बहुत सारी जीएसटी दरें हैं बल्कि एक ही वस्तु पर पैकेजिंग और आकार के मुताबिक अलग-अलग कर दर लगती है। यह समझना मुश्किल है कि खाद्य वस्तुओं के लिए एक कर दर क्यों नहीं हो सकती। सरकार को हर स्तर पर उपभोक्ताओं के चयन को प्रभावित करने की जरूरत नहीं है। अन्य दिक्कतों की बात करें तो राज्यों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल को जीएसटी में लाने के विचार को खारिज कर दिया है। सभी पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने से कर व्यवस्था बेहतर होगी और यह अधिक किफायती होगा। एक अन्य प्रस्ताव था कि प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में शीर्ष जीएसटी दर पर उपकर लगाया जाए। ऐसा करने से कर व्यवस्था और जटिल होगी। चाहे जो भी हो केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को सामान्य दिनों में ही राजकोषीय स्थिति को बेहतर बनाना होगा ताकि ऐसे संभावित झटकों से निपटा जा सके। हर चुनौती के लिए उपकर लगाना सही हल नहीं है। जीएसटी का ढांचा आम लोगों की सुविधा और दुविधा को समझते हुए तैयार करना ही सबसे सही कहलाएगा।

---

**धर्म का काम किसी का मत बदलना नहीं, बल्कि मन बदलना है। एक व्यक्ति इसके आधार पर सही रास्ते में चल सकता है।**

**-तुलसीदास**

## आज का इतिहास

- 2012- दक्षिणी कज़ाकिस्तान के शिमकेंट शहर में एन्टोनोव कम्पनी का एएन-72 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई।
- 2007- कनाडा के प्रसिद्ध जॉज पियानोवादक और संगीतकार आस्कर पीटरसन का निधन।
- 2005- मॉरीशस में 400 वर्ष पूर्व विलुप्त 'डोडो' पक्षी का दो हज़ार वर्ष पुराना अवशेष मिला।
- 2002- चीन और बांग्लादेश के बीच रक्षा समझौता।
- 1998 - रूस एवं बेलारूस द्वारा एक संयुक्त संघ बनाये जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1991- राष्ट्रपति मिखाइल एस. गोर्बाचोव के त्यागपत्र के साथ सोवियत संघ का विभाजन एवं उसका अस्तित्व समाप्त।
- 1977- हॉलीवुड के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन।
- 1974- रोम जा रहे एयर इंडिया के विमान बोइंग 747 का अपहरण।
- 1962- सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1947- पाक सेना ने झनगड़ को कब्जे में ले लिया था।
- 1946- ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया।
- 1924- पहला अखिल भारतीय कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस कानपुर में संपन्न।
- 1892- स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी में समुद्र के मध्य स्थित चट्टान पर तीन दिन तक साधना की।
- 1771- मुगल शासक शाह आलम-2 मराठाओं के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे।
- 1763- भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या।
- 1970- इम्तियाज़ अनीस - भारतीय घुड़सवार खिलाड़ी रहे हैं का जन्म।
- 1959- रामदास आठवले- भारतीय राजनीतिज्ञ जो महाराष्ट्र से हैं का जन्म।
- 1952- अजॉय चक्रवर्ती - भारतीय हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार, गीतकार, गायक और गुरु हैं का जन्म।
- 1944 - मणि कौल- फ़िल्म निर्देशक का जन्म।
- 1938- माणिक वर्मा - भारतीय कवि थे का जन्म।
- 1936- एन. धरम सिंह - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे, जो कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री रहे का जन्म।
- 1930- मोहन रानाडे - गोवा की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका

## निशाना

### मैदान दिया उतार !



-कृष्णेन्द्र राय

**है सियासी मायने ।**
**मैदान दिया उतार ।।**
**चढ़ा राजनीतक पारा ।**
**और कई कतार ।।**
**लाभ लेने खातिर ।**
**जोर है लगाया ।।**
**कर देना वो चुकता ।**
**जो है अभी बकाया ।।**
**गुणा गणित करके ।**
**कर लिया तैयार ।।**
**टिक जाएंगे लंबा ?**
**या होंगे फरार ।।**
**उठापटक तो चल रही ।**
**मौके की तलाश ।।**
**होड़ न होगी खत्म ।**
**बने रहना खास़ ।।**

---


अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयन्ती

# महान राष्ट्र-सपूतों में अग्रणी थे अटल बिहारी वाजपेयी

**■ ललित गर्ग**

भारतीय राजनीति का महानायक, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता, भारत रत्न, प्रखर कवि, वक्ता और पत्रकार श्री अटल विहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसंबर को भारत सरकार प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। इस वर्ष हम उनका 100वां जन्मोत्सव मना रहे हैं, जिन्होंने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, विचारक एवं समाज सुधारक एवं राष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हुए थे। अटलजी यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये भारत के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल विहारी वाजपेयी ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। पिछले कई दशकों में वह एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं। वे ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस देश की सभ्यता का इतिहास 5000 साल पुराना है और जो अगले हज़ार वर्षों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे।

वाजपेयीजी बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी प्रभावित थे और उन्होंने कहा था कि अटलजी एक दिन भारत के प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे। आज भारतीय जनता पार्टी की मजबूती का जो धरातल बना है, वह उन्हीं की देन है। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक हैं। 1977 में जनता पार्टी सरकार में उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशन में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया और वे इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण बताते थे। वे संसद में बहुत प्रभावशाली वक्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं और महत्वपूर्ण मुद्दे पर उनके भाषण खासे गौर से सुने जाते रहे हैं, जो भारत के संसदीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उत्तर प्रदेश में आगरा जनपद के प्राचीन स्थान बटेश्वर के मूल निवासी पण्डित कृष्ण बिहारी वाजपेयी मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत में अध्यापक थे। वहीं शिन्दे की छावनी में 25 दिसंबर 1924 को ब्रह्ममुहूर्त में उनकी सहधर्मिणी कृष्णा वाजपेयी की कोख से अटलजी का जन्म हुआ था। महात्मा रामचन्द्र वीर द्वारा रचित अमर कृति 'विजय पताका' पढ़कर अटलजी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। छात्र जीवन से वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने और तभी से राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। डॉ? श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के निर्देशन में राजनीति का पाठ तो पढ़ा ही, साथ-साथ पाञ्चजन्य, राष्ट्रधर्म, दैनिक स्वदेश और वीर अर्जुन जैसे पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक करते रहे। अटलजी ने किशोर वय में ही एक अद्भुत कविता लिखी थी-हिन्दू तन-मन हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय, जिससे यह पता चलता है कि बचपन से ही उनका रुझान देश हित, राष्ट्रीयता एवं हिन्दुत्व की तरफ था। राजनीति के साथ-साथ समष्टि एवं राष्ट्र के प्रति उनकी वैयक्तिक संवेदनशीलता, जिजीविषा, व्यापक दृष्टि आद्योपान्त प्रकट होती ही रही है। उनके संघर्षमय जीवन, परिवर्तनशील परिस्थितियाँ, राष्ट्रव्यापी आन्दोलन, जेल-जीवन आदि अनेक



आयामों के प्रभाव एवं अनुभूति से जुड़े विचार उनके काव्य में सदैव ही दिखाई देते थे।

अटल विहारी वाजपेयी 16 मई 1996 को पहली बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन लोकसभा में बहुमत साबित न कर पाने की वजह से 31 मई 1996 को उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। इसके बाद 1998 तक वे लोकसभा में विपक्ष के नेता रहे। 1999 में हुए चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साझा घोषणापत्र पर लड़े गए और इन चुनावों में वाजपेयी के नेतृत्व को एक प्रमुख मुद्दा बनाया गया। गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ और वाजपेयी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। एनडीए का नेतृत्व करते हुए मार्च 1998 से मई 2004 तक, छह साल भारत के प्रधानमंत्री रहे। इस दौरान उनकी सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पाँच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश घोषित कर दिया। इस कदम से उन्होंने भारत को निर्विवाद रूप से विश्व मानचित्र पर एक सुदृढ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। यह सब इतनी गोपनीयता से किया गया कि अति विकसित जासूसी उपग्रहों व तकनीकी से संपन्न पश्चिमी देशों को इसकी भनक तक नहीं लगी। यही नहीं इसके बाद पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए लेकिन वाजपेयी सरकार ने सबका दृढ़तापूर्वक सामना करते हुए आर्थिक विकास की ऊचाइयों को छुआ। वाजपेयीजी ने पडौसी देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को सौहार्दपूर्ण बनाने की दृष्टि से भी अनेक उपक्रम किये। 19 फरवरी 1999 को सदा-ए-सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा शुरू की गई। कुछ ही समय पश्चात् पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ की शह पर पाकिस्तानी सेना व उग्रवादियों ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ करके कई पहाड़ी चोटियों पर कब्जा कर लिया। अटल सरकार ने पाकिस्तान की सीमा का उल्लंघन न करने की अंतर्राष्ट्रीय सलाह का सम्मान करते हुए धैर्यपूर्वक किंतु ठोस कार्यवाही करके भारतीय क्षेत्र को मुक्त कराया। अटल विहारी वाजपेयी चाहे प्रधानमन्त्री के पद पर रहे हों या नेता प्रतिपक्ष- बेशक देश की बात हो या क्रान्तिकारियों की, या फिर उनकी अपनी ही कविताओं की, नपी-तुली और बेवाक टिप्पणी करने में अटलजी कभी नहीं चूके। भारत को लेकर उनकी स्वतंत्र सोच एवं दृष्टि रही है- ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। उनकी कविता जंग का ऐलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं। वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य-निनाद नहीं, जूझते योद्धा का जय-संकल्प है। वह निराशा का स्वर नहीं, आत्मविश्वास का जयघोष है। उन्होंने विज्ञान की शक्ति को बढ़ावा देने के लिए लाल बहादुर शास्त्री के नारे 'जय जवान जय किसान' में बदलाव किया और 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा दिया। वे जितने कद्दावर के राजनीतिज्ञ थे उतने ही गहन आध्यात्मिक भी थे। उन्होंने राजनीतिक समस्याओं के अतिरिक्त धार्मिक तथा सांस्कृतिक विषयों पर भी साधिकार कलम चलाई, एक नई दृष्टि एवं दिशा दी। इस दृष्टि से वे एक महान् राष्ट्रनायक, साहित्यकार, विचारक, महामनीषी एवं चिन्तक थे।

इस शताब्दी के भारत के 'महान सपूतों' की सूची में कुछ नाम हैं जो अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। अटल विहारी वाजपेयी का नाम प्रथम पंक्ति में होगा। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे वाजपेयीजी से मिलने के अनेक अवसर मिले, रायसीना हिल पर अणुव्रत आन्दोलन एवं आचार्य तुलसी के कार्यक्रमों के सिलसिले में अनेक बार मिला। प्रधानमंत्री रहते 7 रेडक्रोस रोड पर तीन-चार मुलाकातें हुई। एक बार उनके जन्म दिन पर कृष्णा मेनन मार्ग पर भी उनके दर्शनों का दुर्लभ अवसर मिला। उनमें गजब का अल्हड़पन एवं फक्कड़पन था। वे हमेशा बेपरवाह और निश्चिन्त दिखाई पड़ते थे, प्रायः लोगों से घिरे रहते थे और हंसते-हंसाते रहते थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता एवं राष्ट्रीयता की गहराई ये जुड़े थे और उस पर वे अटल भी रहते थे। किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाता। वे हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है।

भारतीय राजनीति की बड़ी विडम्बना रही है कि आदर्श की बात सबकी जुबान पर है, पर मन में नहीं। उड़ने के लिए आकाश दिखाते हैं पर खड़े होने के लिए जमीन नहीं। दर्पण आज भी सच बोलता है पर सबने मुखौटे लगा रखे हैं। ऐसी निराशा, गिरावट व अनिश्चितता की स्थिति में वाजपेयीजी ने राष्ट्रीय चरित्र, उन्नत जीवन शैली और स्वस्थ राजनीति प्रणाली के लिए बराबर प्रयास किया। वे व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के बदलाव की सोचते रहे, साइनिंग इंडिया- उदय भारत के सपने को आकार देते रहे। उनका समूचा जीवन राष्ट्र को समर्पित एक जीवन यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूहों से बाहर निकलने की यात्रा। 100वी जन्म जयन्ती पर मन बार-बार उनकी तड़प को प्रणाम करता है। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम करता है!

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

# भागीरथ, भोज, छत्रसाल की अटल विरासत के संवाहक मोदी

**■ विष्णुदत्त शर्मा**

मध्यप्रदेश की पुण्यभूमि, जो अपनी सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक गौरव के लिए प्रसिद्ध है, अब एक और ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने जा रही है। 25 दिसंबर 2024 को मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यानस यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के कर-कमलों से होगा। यह क्षण न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे भारत के लिए विकास, जल संरक्षण एवं जल समृद्धि की दिशा में एक नया अध्याय लिखने वाला होगा, साथ ही यह भारत की जल क्रांति की नई गाथा लिखने का भी प्रतीक बनेगा। शुभ योग यह है कि परियोजना का भूमिपूजन आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के दिन हो रहा है, जिन्होंने भारत के विकास के लिए अनेक सपने देखे थे, उनमें नदियों को जोड़ना विशेष रूप से शामिल था। उन्होंने इस दिशा में प्रारंभिक कदम भी उठाए थे। प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी अब स्वप्न दृष्टा वाजपेयी जी के सपने साकार करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। यह परियोजना प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता, मध्यप्रदेश के प्रति उनके विशेष स्नेह और अटलजी के विचारों के प्रति समर्पण का एक और प्रमाण है, जो मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी। प्राचीन भारतीय पौराणिक कथाओं में गंगा की धरा पर उपस्थिति का श्रेय राजा भागीरथ को दिया जाता है। राजा भागीरथ के तप और साधना से गंगा धरती पर अवतरित हुई, जिसकी उपस्थिति से भारत का भू-भाग समृद्ध हुआ, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी आधुनिक भागीरथ हैं। मोदीजी ने भी जल संकट से जूझते भारत के लिए एक नई जल क्रांति की शुरुआत की है। जल संसाधनों को भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनाया है। उनके नेतृत्व में जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य और विकास का आधार बन गया है। गुजरात में जब वे मुख्यमंत्री थे, तब उनकी जल नीतियों ने सूखे और जल संकट से जूझते गुजरात को जलसमृद्धि का अनूठा उदाहरण बनाया। गुजरात, जो कभी सूखे और जल संकट का प्रतीक था, आज नर्मदा नदी के जल से आच्छादित है। उनकी दूरदृष्टि और अदम्य साहस ने नर्मदा नदी के जल को सही दिशा में मोड़ते हुए गुजरात की प्यास बुझाई, कृषि क्षेत्र को समृद्ध किया और नर्मदा के जल से साबरमती नदी को भी नया जीवन दिया। यह उनकी नीतियों और इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि गुजरात में जल के अभाव का स्थान जल के सदुपयोग और समृद्धि ने ले लिया। गुजरात में उनका काम जल संकट से जूझ रहे राज्यों के लिए आदर्श बन चुका है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने जल संरक्षण को केवल एक सरकारी नीति तक ही सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया। उनके अनुसार, जल का प्रबंधन एक पुण्य कर्म है, जिसमें वर्तमान की जरूरतें और भविष्य की पीढ़ियों का उत्तरदायित्व दोनों निहित हैं। उनका यह कथन इस सोच को सार्थक रूप देता है कि जल का सवाल केवल संसाधनों का नहीं, बल्कि मानवता के अस्तित्व का है। इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को आधुनिक राजाभोज कहना न्याय संगत है। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण भी ऐसा ही है। मोदी भी जल संरचनाओं के जनक राजाभोज की परंपरा को आधुनिकता के साथ मानवता के अस्तित्व के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि जल का संरक्षण केवल वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा है-÷जल



संचय केवल एक प्रयास नहीं, यह एक पुण्य है। इसमें उदारता और उत्तरदायित्व दोनों निहित हैं। आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आकलन करेंगी, तो यह केवल हमारी आर्थिक उपलब्धियों या भौतिक विकास पर आधारित नहीं होगा। उनका पहला प्रश्न यही होगा कि हमने जल के प्रति क्या दृष्टिकोण अपनाया। जल का संरक्षण, प्रबंधन और इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता ही भविष्य में हमारी पहचान बनेगी।÷ यह विचार न केवल जल संरक्षण के महत्व को दर्शाता है इसीलिये उनकी जलनीतियां दीर्घकालिक हैं, जो न केवल वर्तमान समस्याओं का समाधान करती हैं, बल्कि भविष्य के लिए भी टिकाऊ मार्ग प्रस्तुत करती हैं। मध्यप्रदेश के प्रति प्रधानमंत्री का विशेष लगाव समय-समय पर उनकी योजनाओं और निर्णयों से स्पष्ट होता है। उन्होंने हमेशा मध्यप्रदेश को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। उनके प्रयासों से राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अब केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना मध्यप्रदेश के विकास में नई ईबारत लिखने जा रही है। केन-बेतवा लिंक परियोजना, जिस भूमि पर बन रही है, वह शौर्य, सम्मान और जनकल्याण के प्रतीक बुंदेलखंड की भूमि है, बुंदेलखंड की पवित्र भूमि ने ऐसे महापुरुषों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोकहित को सर्वोपरि रखा। राजा छत्रसाल ने अपनी नीतियों और नेतृत्व से बुंदेलखंड के लोगों के कल्याण के लिए जो काम किए, उनकी गूंज आज भी सुनाई देती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का नेतृत्व भी राजा छत्रसाल के दृष्टिकोण का आधुनिक संस्करण है। उनकी योजनाएं और प्रयास बुंदेलखंड को जल संकट से उबारने और यहां की सूखी धरती को फिर से हराभरा बनाने के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री जी के संकल्प का फल है कि 44,605 हजार करोड़ रूपये की केन-बेतवा लिंक जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजना आज जमीन पर उतर रही है और इसने खजुराहो लोकसभा ही नहीं बल्कि सारे बुंदेलखंड की विभीषिका को समाप्त करने के मार्ग प्रशस्त कर दिये हैं। मध्यप्रदेश की 44 लाख एवं उत्तर प्रदेश की 21 लाख जनता को इससे पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी एवं दोनों राज्यों की 65 लाख जनता को सीधे तौर पर इसका फायदा होगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना का लाभ मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सागर और दतिया के साथ-साथ शिवपुरी, विदिशा और रायसेन सहित उत्त्तवर प्रदेश के महोबा, झांसी, बांदा और ललितपुर को भी मिलेगा। इस कार्य के पूरा हो जाने से जहां 8 लाख 11 हज़ार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी वहीं 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा। बुंदेलखंड में आने वाले उत्तर प्रदेश के 2 लाख 52 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और पेय जल की सुविधा भी इससे मिल सकेगी। यही नहीं 103 मेगा वाट पनबिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा भी पैदा की जा सकेगी। परियोजना में ऐतिहासिक चंदेल कालीन तालाबों को सहेजने का कार्य भी होगा। इन तालाबों से भूजलस्तर बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र को फायदा तो होगा। कुल मिलाकर यह परियोजना भारत के जल संकट में मील का पत्थर सिद्ध होगी। प्रधानमंत्री केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक दृष्टा हैं। वे राजा भागीरथ, राजाभोज और छत्रसाल जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। 25 दिसंबर के दिन इस योजना का भूमिपूजन न केवल श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि जल संकट से जूझते देश के लिए एक नई उम्मीद भी है।बुंदेलखंड के निवासियों से देश के मुखिया का यह आह्वान है कि वे इस परियोजना को एक महायज्ञ के रूप में देखें और इसके लाभों को आत्मसात करें। यह परियोजना केवल जल संकट का समाधान नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के विकास, समृद्धि और खुशहाली का द्वार खोलने वाली है। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे जल संरक्षण के महत्व को समझें और इस परियोजना के उद्देश्यों को साकार करने में अपना योगदान दें। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वास्तव में एक नई जल क्रांति की ओर बढ़ रहा है। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी मेरे संसदीय क्षेत्र में इस परियोजना का भूमिपूजन करने आ रहे हैं, पूरे संसदीय क्षेत्र और मप्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री जी का हृदय से स्वागत है, वंदन है, अभिनंदन है और आभार है इस महापरियोजना से बुंदेलखंड की भूमि को वरदान देने के लिए, आनंदित करने के लिए...।

**(साभार: लेखक- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद हैं।)**

# पानी की व्यवस्था और जैविक खेती पर ग्रामवासियों के साथ संवाद हुआ

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम इमलीडोल में ग्रामीण विकास समिति के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पानी की बेहतर व्यवस्थाओं और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर बसंत यादव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में गांव के लगभग 90 ग्रामीणों, जिनमें 42 महिलाएं शामिल थीं, ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर पानी के प्रबंधन को सुधारना और जैविक खेती के लाभों को समझाकर सतत विकास को प्रोत्साहित करना था। प्रोफेसर बसंत यादव ने जल संरक्षण और प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छोटे-छोटे उपायों से पानी की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने जल पुनर्चक्रण, जलाशयों के निर्माण और बारिश के पानी के संचयन जैसे उपाय सुझाए। जैविक



खेती के विषय में बोलते हुए प्रोफेसर यादव ने कहा कि यह पद्धति न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है बल्कि किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने में भी मदद करती है। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण होता है, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

गांव की महिलाओं ने भी बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। एक महिला किसान ने कहा कि जैविक खेती अपनाने से उनके परिवार की खाद्य सुरक्षा बेहतर हुई है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने पानी और खेती के प्रति नई जानकारी प्राप्त की और इसे अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।

ग्रामीण विकास समिति डायरेक्टर गोविंद ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम गांव के सतत विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया और भरोसा दिलाया कि समिति इस दिशा में उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। बैठक के अंत में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस दिशा में काम करने का संकल्प लिया, जिससे गांव को एक आदर्श मॉडल बनाया जा सके। इस दौरान प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर केएल मसीह, राजेश सिंह, धरमदास पाल, शिखा धुर्वे, ग्राम पंचायत सचिव भगवान दास यादव, ब्रजेश सिंह, सरपंच नवल झरिया आदि उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई मे आए आवेदनों पर हुई कार्यवाही

# दिव्यांग को एसडीएम ने मौके पर ही दिलाई ट्राइसिकल

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने ग्राम से आये लोगों की समस्याओ को सुना और कुछ का मोके पर निराकरण किया और जो निराकरण लायक नहीं थे उनके निराकरण हेतु सबंधित विभाग को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में बलीराम अहिरवार अपनी बहन के साथ कई दिनों से रेंगते हुए जनसुनवाई में आ रहा था और अधिकारियो से गुहार लगता था की वह एक पैर से विकलांग है और लंबी बीमारी के चलते उनका एक पैर कट गया अब उसको एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए कोई सहारा खोजना पड़ता है परिवार मे कोई सदस्य नहीं है केवल बुजुर्ग माँ है आर्थिक आय शून्य हो गई है वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है यदि साइकिल और पेंशन चालू हो जाए तो कुछ राहत मिल जायेगी





जहां एसडीएम ने तत्काल सामाजिक न्याय प्रभारी विक्रम सीग ठाकुर को निर्देश दिये और वृद्धावस्था पेंशन और ट्राई साइकिल देने के निर्देश दिये एसडीएम के निर्देश मिलने के बाद तत्काल सामजिक न्याय प्रभारी ने पूरी कार्यवाही करने उपरांत जनसुनवाई के बाद विकलांग व्यक्ति बलीराम अहिरवार को एक नई ट्राई साइकिल लाकर दी जिसपर सवार होकर बिकलांग खुशी खुशी अपने घर गया

बलीराम अहिरवार तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के सारसबगली ग्राम के निवासी है और तीन से चार वर्ष पूर्व उनका लंबी बीमारी के चलते एक पैर खराब हो गया था बाद मे जान बचाने के लिए डाक्टरों ने बलीराम का एक पैर घुटने के नीचे से पैर काट दिया था बलीराम इस घटना के बाद शादी नहीं हुई केवल एक बहन है उसकी शादी पांजी ग्राम मे कई वर्ष पूर्व हो गई है मगर भाई को ट्राई साइकिल दिलाने वह कई सप्ताह से तेंदूखेड़ा आकर अधिकारियो के चक्कर लगा रही थी परन्तु आज उसकी वह समस्या तेंदूखेड़ा एसडीएम ने खत्म कर दी

#### नहीं हुई जांच

अन्य आवेदनो के साथ रामदेही निवासी रवि घोसी भी आज फिर जनसुनवाई के दौरान एसडीएम के पास पहुंचा और उसने अपनी जांच की बात कही एसडीएम ने कहा आपकी जांच चालू है मगर आवेदक रवि घोसी का कहना है टीम तो बन गई मगर वह आज तक जांच करने नहीं गई जबकि जांच के लिए हम पिछले दो माह से लगातार जनसुनवाई मे आकर शिकायत कर रहे है।

### अंधे मोड़ बन रहे दुर्घटना के कारण

# तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराए, दो घायल





**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

■ घायलों को 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से दोनों को जबलपुर रेफर कर दिया

मंगलवार की सुबह साढ़े 9 बजे सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर नाग बाबा के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क हादसे के शिकार हो गए जिन्हें 108 वाहन की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।।

घटना के संबंध में मिली जानकारी प्रदीप पिता दशरथ गौड़ उम्र 25 वर्ष निवासी तिपनी थाना तेन्दूखेड़ा कल्लू पिता डेलन गौड़ उम्र 30 वर्ष निवासी तिपनी थाना तेन्दूखेड़ा है जो तेन्दूखेड़ा से अपने गांव तिपनी जा रहे हैं लेकिन नाग बाबा के समीप अंधे मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई और गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें भर्ती कराया गया था जहां जबलपुर रेफर किया गया है राहगीरों द्वारा बताया गया है कि बाइक सवार तेज रफ्तार में थी जहां मोड़ पर अपना नियंत्रण खो बैठे और पेड़ से टकरा गए पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही वहीं दोनों घायल का जबलपुर मेडिकल कॉलेज इलाज चल रहा है

# स्वास्थ्य, शिक्षा व मतदान पर जागरूकता अभियान



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा ग्राम सोनासाँवरी में महाविद्यालय से ग्राम सोनासावरी तक रैली निकालकर स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता, एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा हेतु छात्राओं ने ग्राम वासियों को जागरूक कर शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार व प्लास्टिक मुक्त की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है की हमें खुद को और अपने आस-पास के वातावरण को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए। इससे मन में अच्छे और सकारात्मक विचार आते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा भी कम होता है। संयोजक डॉ. संजय आर्य ने स्वच्छता व शिक्षा पर बल दिया एवं बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य गांव में सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है जिससे कि ग्राम में स्वच्छता बनी रहे। छात्राओं द्वारा घर-घर जाकर वहां के रहवासियों से पारिवारिक जानकारी ली गई। स्नेहांशु सिंह एवं रविन्द्र चौरसिया द्वारा ग्राम वासियों को पर्यावरण एवं वृक्षारोपण से संबंधित जानकारिया दी गई तथा स्वरोजगार एवं स्त्री शिक्षा के प्रति जागरूक किया ग्राम की सिंचाई व्यवस्था मुख्य फसलो आर्थिक स्थिति आदि की जानकारी ली गई। डॉ. नेहा सिकरवार एवं कु. प्रिया कलोसिया द्वारा छोटे बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई उन्हे स्वस्थ एवं स्वच्छ आहार लेने की प्रेरणा दी गई। आहार में हरी सब्जियां एवं अंकुरित आाज की उपयोगिता को

# सुशासन सप्ताह शिविर में 70 वर्ष से उपर वाले लोगो के आयुष्मान कार्ड तैयार किए गए

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण एवं सुशासन सप्ताह दिवस के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 जैन मंदिर के पास में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना, पशु चिकित्सालय, विद्युत विभाग एवं नगर परिषद तेंदूखेड़ा के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा हितग्राहियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के आनलाईन आवेदन किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया गयां बिजली विभाग एवं जल विभाग के द्वारा नोडूज दिए गए। इसके अलावा समग्रआईडी तैयार की गई। 70 वर्ष से उपर वालो लोगो के आयुष्मान कार्ड तैयार किए गए। हैंड पम्प सुधार, सफाई, समग्र में सुधार जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, पार्षद सीएमओ प्रेमसिंह चौहान के अलावा वार्डवासी उपस्थित रहे



## प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने बच्चों ने किया नुक्कड़ नाटक

**नर्मदापुरम।** पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में शासन के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन के मार्गदर्शन में 'प्लास्टिक मुक्त मध्य प्रदेश' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस आयोजन में नुक्कड़ नाटक और स्वास्थ्य स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, विषय पर विद्यार्थियों द्वारा बैनर एवं तख्तियों पर लिखे स्लोगनों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों द्वारा एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही और स्वच्छता की अनदेखी के दुष्प्रभाव को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों और और विद्यार्थियों को यह भी संदेश दिया गया कि प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्वच्छता बनाए रखने से समाज स्वस्थ और खुशहाल हो सकता है। इसी के साथ महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉक्टर विनीता शुक्ला ने कहा कि हमारा लक्ष्य युवाओं को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है एवं प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण को निर्मित करना है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक स्वच्छता शपथ के साथ हुआ।



## पुरानी इटारसी भाजपा मंडल की प्रथम बैठक

**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी की प्रथम बैठक आगामी कार्यक्रम को लेकर अभिनंदन मैरिज हॉल पुरानी इटारसी में संपन्न हुई।जिसमें पार्टी के वरिष्ठ जन जनप्रतिनिधि सभी मोर्चों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए आने वाले 25 दिसंबर को अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में हर बूथ पर अटल की जयंती मनाने का कार्यक्रम करना तय किया गया एवं 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का कार्यक्रम स्थानीय गुरुद्वारे में होगा। बैठक में विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा व नपा अध्यक्ष पंकज चौरे समेत कई नेता मौजूद थे।



## कुटुंब न्यायालय के जज को दी विदाई

**नर्मदापुरम।** जिला अधिवक्ता संघ सभागार में प्रधान कुटम्ब न्यायालय न्यायधीश प्रियदर्शन शर्मा का विदाई समारोह अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान अवसर पर प्रधान जिला एवं सेशन न्याधीश रामकुमार चौबे, विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार, प्रधान कुटुंब न्यायलय न्याधीश प्रियदर्शन शर्मा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर, व्ही के चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम में न्यायाधीश जफर इकबाल, अभिनव जैन, रितु वर्मा कटारिया, नुरून निशा अंसारी, रूचि पांडे, प्रियंका रतोनिया, स्वाति कौशल एवं अधिवक्तागण कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रधान कुटुंब न्यायाधीश श्री शर्मा ने इस दौरान नर्मदापुरम के अपने अनुभव सांझा किए और नर्मदापुरम के अधिवक्ताओं के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में संघ द्वारा श्री शर्मा का शाल श्रीफल और स्मृति चित्र प्रदान कर सम्मान किया गया।



## दुकान का ताला तोड़ कर चोरों ने उड़ाया माल

**सिवनी मालवा।** नर्मदापुरम हरदा मुख्य मार्ग पुराने बस स्टैंड के पास बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सैलून की दुकान का ताला तोड़कर लगभग 15000 हजार की चोरी को अंजाम दिया दुकान संचालक राज मालवीया ने बताया कि दुकान बंद कर ताला लगाकर घर गया था तभी मुझे सूचना लगी की मेरी दुकान का किसी ने ताला तोड़ दिया है जानकारी लगते ही दुकान पर लगभग 1.30 बजे आया तो ताला टूटा हुआ था अंदर सामान बिखरा हुआ था दुकान में रखा मोबाइल और 5000 रुपए थे जिसकी जानकारी मेरे द्वारा पुलिस को दी आपको पता दे शहर में चोर चोरी कर रहे हैं लेकिन पुलिस चोर को नहीं पकड़ पा रही है बाजार क्षेत्र में देर रात तक असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं।

**मेट्रो एंकर** जीनियस प्लानेट में वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ

# विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का अदभुत प्रदर्शन किया : सांसद

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

जीनियस प्लानेट में वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा के सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं अध्यक्षता नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने की तथा डीजल शेड के सीनियर डी. एम. ई श्रीवास्तव, पूर्व डीईओ बी के पटेल, एस के वानी एवं विद्यालय के संरक्षक मोहम्मद यूनिस सिद्दीकी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संचालक जाफर एवं मनीता सिद्दीकी और प्राचार्य विशाल शुक्ला द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया द्यस्वागत उद्बोधन विद्यालय के हेड बॉय भविष्य सारन एवं हेड गर्ल आरुषि शर्मा के द्वारा किया गया, जिसके पश्चात कर्णप्रिय स्वागत गीत की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की। कक्षा नर्सरी से कक्षा केजी 2 के नन्हें सितारों के द्वारा हिंदी और इंग्लिश कविताओं के स्वर में शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कक्षा 1 से कक्षा 2 के विद्यार्थियों के द्वारा पंजाब, गुजरात, राजस्थान और बंगाल के नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा 3 से कक्षा 5 के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग मारवाड़ी



और बुंदेलखंडी नृत्य को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी रौनक विद्यार्थियों के द्वारा हिंदी फिल्म जगत के सबसे अलहदा संगीत निर्देशक राहुल देव बर्मन पंचम दा को श्रद्धांजलि स्वरूप उनके गीतों की वाद्य यंत्रों के माध्यम से दी गई, जिसे उपस्थित जन समूह के द्वारा बहुत सराहा गया। कठपुतली नृत्य नाटिका के द्वारा विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति दी गई, इस नृत्य नाटिका के माध्यम से संदेश दिया गया कि जिस विद्या का जन्म हमारे ही देश में हुआ, वही विद्या आज हमारे देश में अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही है। अंतरिक्ष में हमारे देश की उपलब्धि और इसरो के अतुलनीय योगदान को दर्शाती हुई नृत्य नाटिका का सफ़ल प्रस्तुतिकरण विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। विद्यालय की उपलब्धियों का सुंदर वर्णन कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने वृतचित्र के माध्यम से किया। कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचने का संदेश कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने दिया।

सांसद चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किय। चौरे दने कहा कि विद्यालय के प्रबंधन, गुरुजनों और विद्यार्थियों के सफ़ल प्रयास को इस कार्यक्रम के माध्यम से देखा जा सकता है, प्रस्तुतियों और उनके द्वारा दिए गए संदेश अनुकरणीय है।

लैंगिक समानता पर आधारित नृत्य नाटिका के द्वारा विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि बेटा अगर चांद है तो बेटी भी चांदनी है। कार्यक्रम की अंतिम और मनमोहक प्रस्तुति 7 सिस्टर्स की रही, जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा प्रदेश के लोक नृत्य की आलौकिक प्रस्तुति भी हुई। अंत में विद्यालय की शिक्षिकाओं के द्वारा गीत के माध्यम से सभी का आभार प्रदर्शन किया गया।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल लटेरी की सुशासन दिवस की तैयारी की बैठक संपन्न

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

भाजपा मंडल लटेरी द्वारा एक बैठक का आयोजन कर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुशासन दिवस के रूप में मनाने के लिए बैठक में कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व में प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। रामगुलाम राजोरिया ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना किसान क्रेडिट कार्ड स्वर्णिम चतुर्भुज योजना नदी जोड़ो जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने के लिए अटल बिहारी वाजपेई का योगदान भुलाया नहीं जा सकता उनके दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत शक्तिशाली देश बन सका इसके साथ ही भारत के गांव को प्रधानमंत्री सड़क जैसी योजना देकर विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का कार्य अटल बिहारी वाजपेई ने किया अटल बिहारी वाजपेई भाजपा के प्रथम अध्यक्ष पाञ्चजन्य और राष्ट्र धर्म जैसे समाचार पत्र के संपादक के साथ-साथ लेखक विचारक चिंतक और कवि रहे भाजपा को मजबूत करने के लिए उन्होंने अथक परिश्रम किया इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी मान रही है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर अटल जी की जयंती गरिमामय ढंग से मना सके इसके लिए सिरोंज लटेरी के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा ने अपनी तरफ से प्रत्येक मतदान केंद्र पर अटल बिहारी वाजपेई का जड़ित फोटो उपलब्ध कराया कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष भैरों सिंह जादौन ने संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेई के साथ अपने अनुभवों को कार्यकर्ताओं से साझा किया साथ ही उन्होंने अटल जी को करिश्माई नेता बताया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण सिंह बघेल ने अटल जी की योजनाएं और भाजपा सरकार की नीतियों का विस्तार से वर्णन किया मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुमेर सिंह बघेल, जिला प्रतिनिधि राजकंवर बघेल विधायक प्रतिनिधि संजय अत्तू भंडारी उपस्थित थे इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा और आभार भाजपा के सेक्टर प्रभारी वीर सिंह बघेल ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह राजपूत प्रेम सिंह गुर्जर सुरेश जैन पवन शर्मा अमित कुशवाहा पवन कुशवाहा सुमेर सिंह यादव हेमराज यादव हरिओम शर्मा आशीष जैन विनोद जैन राजपाल कुशवाहा नितेश धाकड़ शंकर अहिरवार योगेश पंथी शिवायु भार्गव शिवम शर्मा सहित भू समितियां के अध्यक्ष और मंडल कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।





## कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 198 आवेदन

# 100 से अधिक आवेदनों का मौके पर ही किया निराकरण

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा हरेक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से अनेक आवेदको के आवेदनो का निराकरण मौके पर किया जा रहा है। 24 दिसम्बर मंगलवार को 198 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे जिसमें से मौके पर 102 आवेदनो का निराकरण किया गया है।

कलेक्टेउ्ट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री सिंह ने शेष लंबित आवेदनो पर समयावधि में कार्यवाही कर निराकरण की अद्यतन जानकारी जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट के भू-तल स्थित जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों के लिए विभिन्न स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जिसमें उनके स्वास्थ्य परीक्षण, रोगोपचार दवाईयां भी प्रदाय कराने की व्यवस्था क्रियान्वित की जा रही है। इसके अलावा आवेदकों को पावती देने, आवेदन किस विभाग से संबंधित है उस विभाग के जिलाधिकारी तक आवेदकों को पहुंचाने के लिए पृथक से कर्मचारियों की तैनाती की गई है साथ ही साथ जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने वालो की सुविधा हेतु आधार सेन्टर का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। आधार सेन्टर पर आधार अपडेट, नवीन आधार कार्ड समेत आधार से संबंधित अन्य कार्यो का संपादन भी किया जा रहा है।

आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, सुश्री निकिता तिवारी, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटौलिया, जिला पंचायत सीईओ श्री पंकज जैन के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे और वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया गया है।





### भारसाधक अधिकारी ने निरीक्षण किया, दो प्रकरण पंजीबद्ध हुए

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में विदिशा एसडीएम व कृषि उपज मंडी विदिशा के भारसाधक अधिकारी क्षितिज शर्मा और मंडी सचिव नीलकमल वैद्य के द्वारा गत रात्रि में औचक निरीक्षण कर अवैध कृषि उपज परिवहन, मंडी शुल्क अपवंचन को रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण के दौरान दो प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने उडनदस्ता के साथ की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए विदिशा कृषि उपज मंडी सचिव नीलकमल वैद्य ने बताया कि दो प्रकरणो में 62 हजार रूपए की वसूली की गई है जिसमें मंडी शुल्क की राशि पचास हजार रूपए, निराश्रित शुल्क दस हजार रूपए एवं प्रशमन समझौता शुल्क दो हजार रूपए शामिल है।



उडनदस्ता दल में सहायक उप निरीक्षक द्वय दिनेश मर्सकोले, रत्नेश जैन के अलावा सुरक्षा कर्मी व सहायक ग्रेड तीन साथ मौजूद रहें।

## आरुषि और प्रगति ने जीते नेशनल मैडल



**गंजबासौदा।** फाइटिंग ऑफ़ मार्शल आर्ट अकैडमी की आयुषी राजपूत ने 29 बजन मे गोल्ड मेडल जीता और प्रगति सैनी ने 39 वजन मे ब्रोंज मेडल जीता कराटे की ( कुमेते ) विद्या में प्राप्त हुए यह मेडल अकेडमी के कोच कृष्ण गोपाल जोगी के अनुसार टीम के मैनेजर विशाल श्रीवास्तव मुख्य कोच कृष्ण गोपाल और सहायक कोच प्रतीक्षा शर्मा और ट्रेनर इशिका मैना ने बताया की सन्त अतुलानन्द कानवेंट स्कूल कोइराजपुर वाराणसी, उत्तर प्रदेश मैं कराटे चैंपियनशिप आयोजित थी कराटे चैंपियनशिप वनारस में थी इस कराटे राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश और गंज बासौदा का प्रतिनिधित्व करने पर और नगर का नाम रोशन किया ।

## पुलिस अभिलेख आग के हवाले



**गंजबासौदा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पालन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बासौदा की उपस्थिति में थाना प्रभारी त्योंदा ने अपने सहयोगियों के साथ पुलिस रेगुलेशन के अनुसार अवधि पूर्ण हो चुके शासकीय अभिलेख का थाना परिसर में सूचीबद्ध करवाकर आग से जला कर नष्टीकरण किया गया ,नष्टीकरण कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई। इस कार्यवाही में 1996 से 2022 तक के अभिलेख नियमानुसार नष्ट किए गए। इस दौरान थाना प्रभारी त्योंदा बीएस गौर के साथ सहायक उप निरी अनिल साहू, प्रआर बृजेश उपाध्याय, प्रआर आनंद चतुर्वेदी, आर शिवा शर्मा,आर महेंद्र,हिमालय,सुभाष मौजूद रहे।

## स्वदेशी जागरण मंच व जैन समाज का स्वास्थ शिविर

**गंजबासौदा।** स्वदेशी जागरण मंच एवं सकल जैन समाज द्वारा मील रोड स्थित महावीर विहार में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व मंत्री जयंत मलैया की धर्मपत्नी सुधा मलैया एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव शर्मा ने किया। शिविर में महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च एवं आरएम धारीवाल हॉस्पिटल के 40 से अधिक ड्रॉक्टरों ने सैकड़ों मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाई प्रदान की गई एवं गंभीर मरीजों को भोपाल अस्पताल में रेफर किया गया।

## प्रांत स्तरीय स्पर्धा में भाग लेने रवाना हुए खिलाड़ी



**सिरोंज।** विगत दोनों प्रांत में प्लांट लेवल की कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें में जिला गंज बासौदा की टीम आज दोपहर 2 :00 बजे बस स्टैंड से रवाना हुई इस टीम का नेतृत्व गौरव जडिया कर रहे हैं टीम को नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाओं के साथ विदा किया जिसमें जिले के संयोजक जगदीश शाक्य, अनिल राठौड़, रोहित यादव, ज्ञान सिंह कुशवाहा, भानु सेन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

## अभाविप की प्रांत एस.एफ.एस सह संयोजक बनी वंदना यादव



**सिरोंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत का तीन दिवसीय 57 व अधिवेशन गुना में संपन्न हुआ जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सिरोंज नगर की नगर अध्यक्ष वंदना यादव को प्रात एस.एफ.एस सह संयोजक का दायित्व प्राप्त हुआ जिसकी घोषणा गुना में चल रहे अधिवेशन में हुई विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है छात्र-छात्राओं की समस्या के लिए खड़ा रहने के साथ-साथ समाज और देश के लिए भी विद्यार्थी कार्य करता है वंदना यादव पूर्व में नगर उपाध्यक्ष एवं एसएफएस कर हर संयोजक का दायित्व निर्वहन कर चुकी है पुनः उन्हें प्रांत एसएफएस सह संयोजक का दायित्व प्राप्त हुआ है नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत सम्मान रखा गया जिसमें विद्यार्थी परिषद के विदिशा जिले के जिला विस्तारक सौरभ प्रजापति भी उपस्थित रहे।

## वस्त्र व्यापार संघ ने मुख्य बाजार की सड़क और कांप्लेक्स बनाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज।** मुख्य बजार की सड़क खस्ता हाल होने से आम जनता से लेकर वाहन चालकों वाहन चलाने में परेशानी होती है तथा व्यापारियों को खराब सड़क के कारण उड़ती धूल से भी परेशानी हो रही है ।इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा खस्ताहालत मार्ग से मुक्ति दिलाने के लिए काम नहीं किया जा रहा है। परिसर नहीं होने के कारण शौचालय को लेकर परेशानी होती है। जिसको बनवाने की घोषणा कई साल पहले विधायक कर चुके हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार इस काम को भी नही करवाया गया है। व्यापारियों से लेकर आम जनता को शौचालय नहीं होने से परेशानी हो रही है। मंगलवार को वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने व्यापारियों की समस्या के संबंध में ज्ञापन जनसुनवाई में देते हुए कहा कि में बाजार की सड़क जगह से उखाड़ जाने के कारण गढ़ों में तब्दील हो चुकी है। आने जाने में परेशानी होती है धूल भी उड़ती है। मुक्त बाजार में अच्छी क्वालिटी का डामरीकरण करवाया जाए मार्ग बनने के बाद सभी को इन समस्याओं से निजात मिल जाएगी अभी कोर्ट गेट से लेकर ढाल बाजार तक सड़क गढ़ों में है होने से दिक्कत होती है वाहन भी दुर्घटना ग्रसित होते हैं इनमें टूट फूट होती है इसके अलावा सार्वजनिक कंपलेक्स नहीं होने से भी परेशानी होती जबकि इसके निर्माण के लिए विधायक भी घोषणा कर चुके हैं। व्यापारियों और आम जनता हित में दोनों कामों को जल्द से जल्द पूर्ण करवाया है। कई बरसों से मार्ग सड़क खराब होने से व्यापारियों को भी मुश्किलों से जूझना पड़ता है। इतने बड़े बाजार में नगर पालिका के द्वारा बनाई गई दुकानों में एक शौचालय उसका उपयोग भी ओम जनता और व्यापारियों के लिए नहीं होता उसे पर अधिक कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है इसलिए आदमी तो जैसे कर लेते हैं महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला कल

**सिरोंज।** जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले गुरुवार 26 दिसंबर को पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर, विदिशा में पूर्वाहन 11 बजे से शुरु होगा। जिला व्यापारी एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि रोजगार/स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले कार्यक्रम में रोजगार हेतु 20 से अधिक कंपनियों के स्टॉल लगाये जायेंगे एवं शासन की समस्त योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जावेगी। जिसमें उपयुक्त दस्तावेज जैसे - बायोडाटा, आधार कार्ड, शैक्षिणिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां आदि के साथ सम्मिलित होने वाले युवक-युवतियों को योग्यतानुसार कंपनियों द्वारा साक्षात्कार उपरांत चयनित कर ऑफर लेटर वितरित किये जावेगें। रोजगार मेला में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वसहायता समूह, अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तू और अर्ध घुमन्तू स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजनाओं की जानकारी दी जावेगी।

## राष्ट्रीय किसान दिवस पर कृषकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर जैविक खेती के लिए जागरूक किया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा आईटीसी चौपाल सागर परिसर में राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विकास अधिकारी सह संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेश कुमार सिसोदिया इफको कम्पनी के शाखा प्रबंधक मानेद्र प्रताप सिंह एवं भोपाल से आए रिटेल ऑफिसर निखिल शर्मा मौजूद रहे। अतिथियों और किसान भाइयों का स्वागत किया गया। संयुक्त संचालक अधिकारी महेंद्र ठाकुर ने किसानों को अपने खेत की मिट्टी परीक्षण करने और शासन द्वारा चलाई जा रही जानकारियों से अवगत कराया एवं जैविक खेती के बारे में जागरूक होने को कहा तथा नैनो यूरिया डीएपी के बारे में उसमें होने वाले लाभ का जिक्र किया। ड्रोन के द्वारा अधिक से अधिक इस्तेमाल और शासन द्वारा निर्धारित सब्सिडी के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। किसान भाईयों से कहा गया कि कम से कम कीटनाशक का प्रयोग करें ताकि खेती की ओर उर्वरक शक्ति बरकरार रहे। इफको मैनेजर मनेद्र प्रताप सिंह द्वारा नैनो यूरिया एवं डीएपी के बारे में किसानों को उपयोग करने की सलाह दी साथ ही उत्कर्ष किसानों को पुरस्कृत किया गया। अंत में आईटीसी प्रतिनिधि रितेश व्यास और पवन कुमार शर्मा द्वारा सभी किसानों का आभार व्यक्त किया गया।



## उत्कृष्ट स्कूल के सामने वाली सड़क पर दबंगो का कब्जा

**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण उत्कृष्ट स्कूल के दूसरे गेट के सामने वार्ड क्रमांक 15 की एक सड़क पर कुछ दबंग लोगों में अवैध रूप से कब्जा करके अपने मवेशियों से लेकर वाहनों को बांधने का काम किया जा रहा है ऐसी स्थिति से नाले पर स्लोप नहीं बनने के कारण यहां से आ जाना नहीं हो पता दूसरी तरफ सीसी होने के बाद भी रास्ता काटा इस वजह उक्त मार्ग का उपयोग आम जनता के लिए नहीं हो पा रहा है। मुख्य सड़क से इस मार्ग को जोड़ने वाले रास्ते पर नगर पालिका परिषद के द्वारा स्लोप डालने का काम काम नहीं किया है। इसी बात का फायदा उठाकर कुछ दबंग लोगों ने उक्त रास्ते पर कब्जा करके अपने मवेशी और वाहनों को रखने का काम करके सड़क को बंद कर दिया यदि सड़क बनाने के दौरान इस काम को कर दिया होता इस तरह की नौबत भी नहीं आती है। जबकि कुशवाहा समाज के कई परिवारों का इसी रास्ते से पहले आना जाना होता था नाले और सड़क बनाने के दौरान नाले से लेकर सड़क तक स्लोप डालने का कार्य किया गया होता तो रास्ता चालू होता लोग कब्जा भी नहीं कर पाते। जबकि यहीं से माताजी का मंदिर भी पड़ता है इसकी जानकारी भी जिम्मेदारियां को है फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रहवासियों ने तत्काल स्लोप डालकर मार्ग को चालू करवाने की मांग की है। अब देखना है कि दबंग लोगों से नगर पालिका उत्तम मार्ग को खाली कर पायेगी या नहीं तथा स्लोप बनेगा या नहीं। नपा सीईओ प्रकाश साहू ने कहा कि यदि ऐसा तो हम स्लोप डलवाएंगे सड़क को भी खाली करवाएंगे।

**मेट्रो एंकर** युवा उत्सव का आयोजन हुआ

# विजेता प्रतिभागी संभाग स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा जिला स्तरीययुवा उत्सव 2025 का आयोजन एसएटीआई के कैलाश सत्यार्थी सभागृह में किया गया था। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप रावत ने बताया कि 15 से 29 आयु वर्ग के लिए विज्ञान मेला, एकल समूह, नृत्य समूह, लोक गायन, कविता लेखन, भाषण, पेटिंग, कहानी, लेखन विधाओं का आयोजन किया गया था उपरोक्त विधाओं में 285 प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएटीआई के डायरेक्टर योगेन्द्र कुमार जैन व नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम सहायक राजेन्द्र शर्मा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में सात विधाओं के प्रदर्शन के आधार पर जो प्रतिभागी विजेता घोषित हुए है वे संभाग स्तरीय कार्यक्रम में दो से चार जनवरी के मध्य अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेंगे। निर्णायक दल के द्वारा दिए गए निर्णय के उपरांत विधावार चयनित प्रतिभागियो में विज्ञान मेला ग्रुप विधा में यशवंतसिंह गौर एवं अंकना लिटोरिया प्रथम स्थान एवं मनीष, विशाल, चंदेश ने द्वितीय एवं आकाश किरार, राजा अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



समूह नृत्य में एसएटीआई पॉलीटेक्निक कॉलेज बालक ग्रुप प्रथम, एसएटीआई पॉलीटेनिक कॉलेज बालिका समूह द्वितीय स्थान एवं सरस्वति शिशु मंदिर विदिशा की बालिका टीम तृतीय स्थान पर रही। कविता लेखन में अंकना लिटोरिया प्रथम, रामकृष्णसिंह द्वितीय, आयुष मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। भाषण में वैष्णवी दांगी प्रथम, तनिष जैन द्वितीय, एवं गौरव तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग में स्नेहा चौकसे प्रथम, प्रियंका अहिरवार द्वितीय, भूमि चिढार तृतीय स्थान पर रहीं। मोबाईल फोटोग्राफी में प्रथम प्रमिल सिंह, शशांक डोंगरे द्वितीय एवं दीपराज दांगी तृतीय स्थान पर रहे। जिला खेल अधिकारी प्रदीपसिह रावत ने बताया कि युवा उत्सव कार्यक्रमें निर्णायक के रूप में गोविंद देवलिया, बृज श्रीवास्तव, रिचा मोदी, शैलेन्द्र चौकसे, सौरभ एलिया, डॉ रश्मि जैन, अंकित गोहिया, दिलीप यादव, बृजेश प्रजापति, अभिषेक शेकटकर एवं प्रंशात रघुवंशी उपस्थित रहे विजेता प्रतिभागीय संभाग स्तरीय कार्यक्रम के दिनांक 02 जनवरी 04 जनवरी 2025 के मध्य भोपाल में अपनी प्रस्तुति देंगें। कायक्रम का संचालन हनीफ खॉन ने किया।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025: टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी

# भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में पहली बार फाइनल के लिए दो वेन्यू

**दुबई. एजेंसी**

लंबे इंतजार के बाद आइसीसी ने अगले साल पाकिस्तान में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट का शेड्यूल मंगलवार को घोषित कर दिया। आइसीसी ने कहा कि यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के आधार पर खेला जाएगा और भारतीय टीम के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। इसमें भारतीय टीम का 23 फरवरी को पाकिस्तान के साथ होने वाला मुकाबला भी है। इस बीच, आइसीसी टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार फाइनल के लिए दो वेन्यू तैयार किए गए हैं। दरअसल, बीसीसीआइ ने सुरक्षा कारणों से भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से साफ इंकार कर दिया था। इस कारण काफी लंबी जद्दोजहद के बाद यह तय किया गया दोनों भारत और पाकिस्तान की टीमें 2028 तक आइसीसी टूर्नामेंट के लिए एक-दूसरे के देश नहीं जाएंगी और तटस्थ स्थल पर मैच खेलेंगी। इस कारण आइसीसी को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के लिए दो वेन्यू का इंतजाम करना पड़ा।

**एक सेमीफाइनल दुबई व एक लाहौर में** : शेड्यूल के मुताबिक टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दुबई में जबकि दूसरा लाहौर में खेला जाएगा। भारतीय टीम यदि सेमीफाइनल में जगह बनाती है तो वह अपना मैच दुबई में खेलेगी।

**8 साल बाद हो रहा आयोजन:** चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन आठ साल के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है। आखिरी बार यह टूर्नामेंट 2017 में इंग्लैंड की मेजबानी में खेला गया था। इस वनडे टूर्नामेंट के फाइनल में भारत को हराकर पाकिस्तान की टीम पहली बार चैंपियन बनी थी।




भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया का दबदबा..

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने सर्वाधिक दो-दो बार खिताब जीता है। भारतीय टीम 2002 और 2013 में जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 2006 और 2009 में चैंपियन बनी थी।

### सात टीमें बन चुकी हैं चैंपियन...

चैंपियंस ट्रॉफी को अब तक कुल आठ टीम जीत चुकी हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान ने खिताब जीता।

### भारतीय टीम का 20 फरवरी को बांग्लादेश से पहला मैच...

भारतीय टीम के ग्रुप में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्युजीलैंड की टीम है। भारत पहला मैच बांग्लादेश से 20 फरवरी को, पाकिस्तान से 23 फरवरी और न्यूजीलैंड से दो मार्च को खेलेगा। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें अंतिम चार में पहुंचेगी।

### तारीख मैच स्थान

- 19 फरवरी पाकिस्तान-न्यूजीलैंड कराची
- 20 फरवरी भारत-बांग्लादेश दुबई
- 21 फर. अफगानिस्तान-द. अफ्रीका कराची
- 22 फरवरी ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड लाहौर
- 23 फरवरी भारत-पाकिस्तान दुबई
- 24 फरवरी बांग्लादेश-न्यूजीलैंड रावलपिंडी
- 25 फर.ऑस्ट्रेलिया-द. अफ्रीका रावलपिंडी
- 26 फरवरी अफगानिस्तान-इंग्लैंड लाहौर
- 27 फर. पाकिस्तान-बांग्लादेश रावलपिंडी
- 28 फर. ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान लाहौर
- 01 मार्च द. अफ्रीका-इंग्लैंड कराची
- 02 मार्च भारत-न्यूजीलैंड दुबई
- 04 मार्च पहला सेमीफाइनल दुबई
- 05 मार्च दूसरा सेमीफाइनल लाहौर
- 09 मार्च फाइनल दुबई-लाहौर
- 10 मार्च फाइनल रिजर्व डे दुबई-लाहौर

(मैचों का प्रसारण दोपहर 2.00 बजे से होगा)




# चौथे टेस्ट के लिए मंथन: टीम इंडिया गेंदबाजी चयन को लेकर पसोपेश में

**मेलबर्न. एजेंसी**

क्रिसमस की छुट्टियों के बाद बॉक्सिंग डे या यानि 26 दिसंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच खेला जाएगा। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अभी दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर हैं और ब्रिस्बेन में खेला गया पिछला टेस्ट ड्रॉ रहा। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच के बाद पिछले दो मुकाबलों में भारतीय गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। ऐसे में कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा रणनीति बदलने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि किसे मौका दें और किसे बाहर बिठाया जाए?

### अकेले बुमराह पर पड़ रहा दबाव

भारतीय टीम के लिए मुश्किल यह है कि जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य कोई गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष बल्लेबाजों को आउट नहीं कर पा रहा है। बुमराह ने अभी तक खेले गए तीन टेस्ट मैचों में भारत की ओर से सर्वाधिक 21 विकेट चटकाए हैं।

### सिराज की खराब फॉर्म पर मंथन

भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी मुश्किल मोहम्मद सिराज की खराब फॉर्म हैं। हालांकि सिराज ने पिछले तीन टेस्ट में 13 विकेट झटके हैं लेकिन वह शीर्ष कंगारू बल्लेबाजों के सामने असहज दिख रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टीम प्रबंधन सिराज को अंतिम एकादश से बाहर कर सकता है। लेकिन सवाल यह है कि उनके स्थान पर किसे मौका दिया जाएगा।

### कृष्णा के नाम पर किया जा रहा विचार

भारतीय टीम के पास एक विकल्प प्रसिद्ध कृष्णा बचे हैं, जो इस दौरे पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, शुरुआती दो मैचों में खेलने वाले हर्षित राणा को हालांकि मौका मिलने की संभावना कम है। ऐसे में अंतिम एकादश में सिराज पर ही भरोसा जताया जाएगा या फिर प्रसिद्ध कृष्णा को मैदान पर उतारा जाएगा। कृष्णा ने दो टेस्ट खेले हैं और दो विकेट चटकाए हैं।

# मध्यप्रदेश ने राइफल इवेंट में जीते 2 कांस्य पदक

## 67वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल में 15 से 31 दिसंबर 2024 तक आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में 24 दिसंबर को हुए राइफल इवेंट्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। **मध्यप्रदेश के पदक विजेता:** 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम (सीनियर), कांस्य पदक ऐश्वर्य प्रताप सिंह, गौतमी भनोट, 2- 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम (यूथ), कांस्य पदक सत्यार्थ पटेल, गौतमी भनोट वहीं नई दिल्ली में आयोजित 67वीं नेशनल शॉटगन चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 4 पदक जीते।

पदक विजेता खिलाड़ी और श्रेणियां: जूनियर स्कीट व्यक्तिगत (महिला), वंशिका तिवारी रजत, सीनियर स्कीट टीम (महिला)



शिवानी रैकवार, वंशिका तिवारी, मानसी रघुवंशी कांस्य, जूनियर स्कीट टीम (महिला), शिवानी रैकवार, काजल सिंह बघेल, मानसी रघुवंशी स्वर्ण, जूनियर स्कीट टीम (पुरुष), ज्योतिर्दित्य सिंह सिसोदिया, दुष्यंत विजय भारद्वाज, उदयमान रजत

# हरलीन का शतक, भारतीय महिलाओं ने दूसरा वनडे जीत सीरीज पर किया कब्जा

## वेस्टइंडीज को 115 रन से हराया



**वडोदरा. एजेंसी।** हरलीन देओल (115) के शानदार शतक से भारतीय महिला टीम ने यहां खेले गए दूसरे वनडे मैच में वेस्टइंडीज को 115 रन से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 358 रन बनाए और वनडे क्रिकेट में अपने सबसे बड़े स्कोर की बराबरी कर ली। भारतीय टीम ने सात साल पहले 2017 में आयरलैंड के खिलाफ 2 विकेट पर 358 रन बनाए थे। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 46.2 ओवर में 243 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# मिर्जापुर की 'गोलू' को एक्टिंग के अलावा भी कई स्किल्स महारत हासिल




दिल्ली में जन्मी श्वेता त्रिपाठी आज बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। हालांकि, उनका कॅरियर जितना रोचक है, उतना ही उनके जीवन का सफर भी खास है। श्वेता ने कभी एक्ट्रेस बनने के बारे में नहीं सोचा था। वह तो वकील बनना चाहती थीं। स्कूलिंग के बाद उन्होंने वकालत की एंट्रेंस ने परीक्षा भी पास कर ली थी। उन्होंने फैशन डिजाइनिंग में भी बैचलर डिग्री हासिल की। लेकिन धीरे-धीरे उनका झुकाव अभिनय की ओर बढ़ने लगा। उनके पिता ने उसको ड्रामा क्लास में दाखिला लेने की सलाह दी और श्वेता ने मुंबई का रुख किया। श्वेता एक प्रमाणित स्कूबा डाइवर हैं। उन्होंने अंडमान - निकोबार द्वीप समूह में स्नॉर्क लिंग और डाइविंग सीखी है। वह सर्फिंग भी जानती हैं। श्वेता ने पांच साल की उम्र में कथक नृत्य सीखना शुरू किया था, लेकिन घुंघरू के कारण उन्होंने इसे छोड़ दिया। इसके अलावा एक्ट्रेस भरतनाट्यम नृत्य में भी प्रशिक्षित हैं।

**संघर्ष-सफलता का साथ:** शुरुआत में उन्होंने फेमिना मैगजीन में फोटो एडिटर की नौकरी की। इसके बाद उन्होंने एक प्रॉडक्शन हाउस में एसोसिएट डायरेक्टर और प्रॉडक्शन असिस्टेंट के रूप में काम किया। अपनी खुद की थिएटर कंपनी भी खोली जिसका नाम 'ऑलमाइटी प्रॉडक्शंस' था। श्वेता को असली पहचान 'मिर्जापुर' सीरीज से मिली, जहां उन्होंने गोलू गुप्ता का किरदार निभाया।

## विवेक ओबेरॉय ने किया इंकार शाहरुख खान की फिल्म करने से

इन दिनों एक्टर विवेक ओबेरॉय अपनी फिल्मों से ज्यादा, एक बिजनेसमैन के तौर पर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि बताया कि कुछ साल पहले शाहरुख खान की एक बड़ी फिल्म ऑफर हुई थी, लेकिन कुछ कारणों से वह उस फिल्म को स्वीकार नहीं कर पाए। एक समय बॉलीवुड में ऐसा था, जब विवेक ओबेरॉय की फिल्में हिट हो रही थी, उनकी एक्टिंग को सराहा जा रहा था। फिर सलमान खान से उनका विवाद हो गया, जिस कारण उनके करियर पर बुरा असर पड़ा। इस समय विवेक ओबेरॉय फिल्मों में कम ही नजर आते हैं लेकिन वह बतौर बिजनेसमैन चर्चा में बने हुए हैं। पिछले दिनों उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि शाहरुख खान की एक बड़ी फिल्म को उन्होंने कुछ कारणों से मना कर दिया था। जिस फिल्म को विवेक ओबेरॉय ने इंकार किया, वह शाहरुख खान की 'ओम शांति ओम' रही। इस फिल्म में उन्हें एक अहम किरदार ऑफर हुआ था। लेकिन चाहकर भी विवेक फिल्म को स्वीकार नहीं कर पाए। विवेक ने बताया कि उस समय वह फिल्म 'शूटआउट एट लोखंडवाला' की शूटिंग शुरू कर चुके थे, ऐसे में उनके पास डेट्स नहीं थी। ऐसे में चाहकर भी विवेक, शाहरुख खान की फिल्म का हिस्सा नहीं बन पाए। ऐसा भी नहीं है कि शाहरुख खान और विवेक ओबेरॉय ने कभी किसी फिल्म में साथ अभिनय नहीं किया। शाहरुख खान ने फिल्म 'साथिया' में कैमियो किया था, इसमें विवेक ओबेरॉय लीड रोल में थे। विवेक ने शाहरुख खान के साथ एक दिन की उस शूटिंग के एक्सपीरियंस को शानदार बताया है।

## 'बेबी जॉन' में सलमान के किरदार का खुलासा, एटली ने ये रखा अपने नए हीरो का नाम



अभिनेता वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' इसके निर्माता एटली द्वारा निर्देशित फिल्म 'थेरी' की ही रीमेक है, बस फिल्म को थोड़ा नया लुक देने के लिए इसमें जैकी श्रॉफ का किरदार खूंखार बना दिया गया। अब जबकि करीब करीब ये सबको पता चल चुका है कि अभिनेता वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' इसके निर्माता एटली द्वारा निर्देशित फिल्म 'थेरी' की ही रीमेक है, बस फिल्म को थोड़ा नया लुक देने के लिए इसमें जैकी श्रॉफ का किरदार खूंखार बना दिया गया। लेकिन, फिल्म को लेकर असली हाइप बनी है इसमें अभिनेता सलमान खान का एक दमदार कैमियो होने की खबर सामने आने के बाद से। फिल्म के निर्माता मुराद खेतानी बताते हैं कि इस कैमियो के लिए उन्हें सलमान से बात करने के लिए कितनी हिम्मत जुटानी पड़ी थी। फिल्म 'एनिमल' और उसके पहले फिल्म 'कबीर सिंह' का पूरा साज बाज निर्माता मुराद खेतानी का ही तैयार किया हुआ है। फिल्म 'कबीर सिंह' के बाद मुराद खेतानी ही निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी को टी सीरीज की फिल्म 'एनिमल' के निर्देशन के लिए मनाकर लाए थे। लेकिन, बाद में टी सीरीज ने ये पूरा प्रोजेक्ट खुद अपने अधिकार में ले लिया और मामला अदालत तक जा पहुंचा था और पलड़ा मुराद खेतानी के हक में ही झुका था। इन्हीं मुराद खेतान ने फिल्म 'बेबी जॉन' इस बार जियो स्टूडियोज के साथ बनाई है। 'बेबी जॉन' का पूरा गणित बिठाने को सबसे पहले मुराद खेतानी ही वरुण धवन को फिल्म में लेकर आए। इसके बाद एटली ने मुराद खेतानी के साथ मिलकर अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत इस फिल्म का निर्माण किया। 'बेबी जॉन' का निर्देशन एटली के असिस्टेंट रहे कालीस ने किया है। वरुण धवन का बाजार चूंकि बीते कई साल से बड़े परदे पर ठंडा ही रहा है, लिहाजा फिल्म को थोड़ी गर्मी देने के लिए मुराद खेतानी ने इसमें सलमान खान का एक कैमियो रखा है।



# रुपया रेकॉर्ड निचले स्तर पर फिर भी अन्य मुद्राओं से कम टूटा

**मेट्रो बाजार**

**मुंबई, एजेंसी**



अमरीकी डॉलर में तेजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिनों डॉलर इंडेक्स 108.13 पर पहुंच गया, जो दो साल का सर्वाधिक स्तर है। अमरीकी डॉलर की तुलना में भारत का रुपया टूटकर रेकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। एक डॉलर की कीमत 85.11 रुपए हो गई। इसके बावजूद इसमें प्रमुख देशों की मुद्राओं के मुकाबले रुपए में सबसे कम गिरावट आई है। अमरीका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद से सभी देशों की मुद्राएं डॉलर की तुलना में कमजोर हुई हैं। अब तकरुपया 1.21 फीसदी कमजोर हुआ है। यूरो में सबसे अधिक गिरावट आई है। गिरावट के कारण आयात के लिए चुकानी होगी अधिक कीमत डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में गिरावट से देश को आयात के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे न सिर्फ महंगाई और बढ़ेगी, बल्कि देश के व्यापार घाटे पर भी असर पड़ेगा। खासकर ऐसे समय में जब महंगाई दर 5 फीसदी से ऊपर बनी हुई है। विश्लेषकों का मानना है कि जब तक अमरीका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अर्थव्यवस्था पर अपनी नीतियों का खुलासा नहीं करते, तब तक डॉलर अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत बना रहेगा। ट्रंप के अब तक के सभी संकेत इस ओर इशारा कर रहे हैं कि वह अमरीकी डॉलर को मजबूत बनाए रखेंगे और इसलिए सभी देशों की मुद्राओं को इसके अनुरूप समायोजित होना होगा। रुपया 90 के नीचे लुढ़क सकता है।

## बड़ा बदलाव: ईपीएफओ सदस्यों को पीएफ का पैसा निकालने पर मिलेगा ज्यादा ब्याज

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के करीब 7.50 करोड़ एक्टिव सब्सक्राइबर्स के लिए राहत की खबर है। अब ईपीएफ सदस्यों को उनके पीएफ में जमा पैसे पर क्लेम सेटलमेंट के दौरान ज्यादा ब्याज मिलेगा। ईपीएफओ ने ईपीएफ क्लेम सेटलमेंट में ब्याज के भुगतान के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ईपीएफ स्कीम के मौजूदा प्रावधानों के मुताबिक, महीने की 24 तारीख तक के क्लेम सेटलमेंट के दावे के लिए ब्याज का भुगतान केवल पिछले माह अंत तक ही करने का प्रावधान था। लेकिन नए नियमों के तहत ईपीएफ सदस्यों को उनके प्रॉविडेंट फंड पर दिए जाने वाले ब्याज का भुगतान क्लेम के सेटलमेंट की तारीख तक की जाएगी। इसके लिए ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने ईपीएफ स्कीम 1952 के पैराग्राफ 60 (2) (बी) में संशोधन किया है। गजट नोटिफिकेशन के बाद नया नियम लागू हो जाएगा। यह नया नियम रिटायरमेंट पर फुल विड्रॉल, 55 साल की उम्र में सेवा से रिटायरमेंट या किसी अपंगता के कारण पीएफ खाता बंद कराने पर लागू होगा। 25 से लेकर माह की आखिरी तारीख तक क्लेम को प्रोसेस नहीं किया जाता था, अब ऐसे क्लेम को पूरे महीने प्रोसेस किया जाएगा। अगर सदस्य 10 लाख ईपीएफ कॉपरस के साथ रिटायर होता है और 20 तारीख को पैसे निकालता है तो इसे 20 दिन का 4435 रुपए अधिक ब्याज मिलेगा। वहीं 1 करोड़ पीएफ बैलेंस वालों को 44,355 रुपए और 2 करोड़ कॉर्पस वालों को 88,710 रुपए अधिक ब्याज मिलेगा।

## एक्टिवा से टक्कर युवक की मौत, पत्रकार कॉलोनी के सामने हादसा

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पत्रकार कॉलोनी के सामने मंगलवार शाम तेज रफ्तार स्कूटर ने सड़क से गुजर रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने सो युवक को गंभीर चोट आई?थी। उसे जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां हालत नाजुक देखते हुए हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली एक्टिवा के चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अर्जुन सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय चैन सिंह ठाकुर (50) कोलार कॉलोनी, शिव मंदिर के पास चूनाभट्टी में रहते थे। वे प्राइवेट काम करते थे। मंगलवार शाम वह पत्रकार कॉलोनी के पास से होते हुए पैदल अपने घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पत्रकार कॉलोनी के सामने तेज रफ्तार एक्टिवा सवार ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक एक्टिवा चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी थी। शाम करीब साढ़े सात बजे इस हादसे में अुर्नन सिंह को गंभीर चोट आई?थी। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे उनकी हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। चालक भी घायल~ पुलिस ने बताया कि इस हादसे में एक्टिवा चालक को भी गंभीर चोट आई?है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने एक्टिवा नंबर के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। घायल के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## सड़क पर उतरे डीसीपी, एक दर्जन स्थानों पर चैकिंग

**भोपाल।** अपराधों की रोकथाम और गुंडे-बदमाशों की धरपकड़ के लिए डीसीपी जोन क्रमांक-3 रियाज इकबाल सड़क पर उतर गए। जोन के करीब एक दर्जन स्थानों पर चैकिंग पाइंट्स लगाए हैं, जहां वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। इस दौरान कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार डीसीपी रियाज इकबाल के निर्देश पर नादरा बस स्टैंड, डीआईजी बंगला, भोपाल टाकीज चौराहा, लालघाटी चौराहा, कमला पार्क, शाहजहांनी पार्क समेत करीब एक दर्जन स्थानों पर चेकिंग पाइंट्स लगाए गए हैं। इस दौरान करीब 452 वाहनों की चेकिंग की गई और करीब 40 वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान थाना क्षेत्रों के जिलाबदर आरोपियों को चैक किया गया। कुल 99 गुंडा तथा 51 निगरानी बदमाशों को चैक कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान विभिन्न थानों में कुल 15 आबकारी अधिनियम के तहत करीबन 15000 रुपए की अवैध शराब जब्त की गई। इसके साथ ही 5 आर्म्स एक्ट और 1 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। डीसीपी इकबाल द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान से अपराधियों के हौसले पश्त होने लगे हैं।

## ठेकेदार की स्कूटर चोरी कर भाग निकला मजदूर

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में एक ठेकेदार मजदूर को काम के लिए लेकर गया था। दोपहर के समय मजदूर चाय लाने के



बहाने ठेकेदार की स्कूटर चोरी कर भाग निकला। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी जब स्कूटर और मजदूर का कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जानकारी के अनुसार विपिन सिंह (28) छोला रोड स्थित धर्मकांटा के पास रहते हैं। उनके चाचा राजकुमार मकान बनाने की ठेकेदारी करते हैं। बीती सात दिसंबर को राजकुमार उनकी स्कूटर लेकर ग्राम इमलिया थाना सूखी सेवनिया स्थित गैस गोदाम के पास एक मकान की छत डलवाने के लिए गए थे। राजकुमार ने करोंद चौराहा स्थित पीठे से प्रदीप नामक एक मजदूर को काम लेकर गये थे। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मजदूरों ने चाय पिलाने का बोला तो राजकुमार ने एक मजदूर को पांच सौ रुपये देकर चाय लाने को बोल दिया। वह मजदूर प्रदीप को लेकर चाय लेने जा रहा था। स्कूटर प्रदीप चला रहा था। कुछ देर बाद मजदूर वापस लौटा और बताया कि प्रदीप स्कूटर चोरी कर भाग गया है। उसके बाद राजकुमार और विपिन कई दिनों तक मजदूर और स्कूटर की तलाश करते रहे। जब दोनों का कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर स्कूटर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### दो पक्षों के बीच विवाद पर लाठी-तलवारें चली

# जहांगीराबाद में अब हालात सामान्य, पुलिस बल तैनात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद स्थित गल्लामंडी इलाके में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष के करीब दो दर्जन लोगों ने लाठी-डंडे और तलवार लेकर बाहर निकले और दूसरे पक्ष के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान कुछ घरों पर पथराव भी किया गया। इस झगड़े में करीब आधा दर्जन लोगों को चोट आई है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ही विवाद को शांत करवा दिया। अब हालात सामान्य हो गए है, लेकिन हतियात के तौर पर इलाके में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। प्रारंभिक तौर पर 13 नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ बलवा, मारपीट और तोडफोड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अन्य आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रघुवीर सिंह (21) लक्ष्मीगंज गल्लामंडी स्थित सरदार मोहल्ले में रहता है और प्रायवेट काम करता है। रविवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वह घर के बाहर खड़ा हुआ था, तभी समीर नामक एक युवक तेजी से बाइक चलाते हुए निकला। उसने समीर को गली के अंदर धीमी रफ्तार से बाइक चलाने की समझाईश दी तो दोनों के बीच विवाद हो गया। उसके बाद समीर अपने साथी सेफ, फैज, जहीर एवं माईकल के साथ मिलकर



रघुवीर साथ मारपीट करते हुए छुरी से हमला कर दिया। शोर मचाने पर परिवार वालों ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो फरार हो गए थे। फरार आरोपी घूमते दिखा तो हुआ बवाल इस घटना को लेकर मोहल्ले में काफी तनाव का माहौल था, जिसके चलते पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे घटना का फरार आरोपी माइकल मोहल्ले में घूमते हुए दिखाई दिया तो फरियादी पक्ष के लोग उसके पीछे पड़ गए। लाठी-डंडा और तलवार लेकर दौड़े तो माइकल वहां से भागा। उसके बाद घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की गई। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों और महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई, जिससे करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। आरोपियों ने इलेक्ट्रिक रिक्शा और दोपहिया वाहन में भी तोडफोड़ की गई। देखते ही देखते पूरे मोहल्ले में भगदड़ जैसी स्थित बन गई। इस दौरान इलाके में जमकर पथराव किया गया।

### कुछ ही मिनट में शांत हुआ माहौल

डीसीपी जोन क्रमांक-1 प्रियंका शुक्ला ने बताया कि रविवार को हुई मारपीट की घटना के बाद इलाके में फोर्स तैनात किया गया था। मंगलवार सुबह विवाद होने पर फोर्स ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब मामला शांत नहीं हुआ को कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। करीब पांच मिनट में पूरा पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया और लोगों को शांत करवाया। इस दौरान लाठी और तलवार लहराने वाले मौके से भाग निकले। महिलाओं समेत तेरह नामजद और अन्य के खिलाफ बलवा, मारपीट और तोडफोड़ का मामला दर्ज किया गया है। झगड़े के दौरान दो लोगों को चोट आई है। इसके साथ ही दो दिन पहले हुए विवाद में फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखरिया इलाके में रहने वाली एक महिला के साथ घर में घुसकर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान के मुताबिक इलाके में रहने वाली 28 वर्षीय महिला गृहणी है। रविवार की रात करीब दस बजे वह अपने घर में टीवी देख रही थी, जबकि दरवाजा अटकाया हुआ था। इसी बीच द्वारिका प्रसाद नामक युवक घर के अंदर घुस गया। उसने दरवाजे को वापस लुढ़काया और टीवी की आवाज तेज करने के बाद महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने विरोध किया तो द्वारिका उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। घर से टीवी की तेज आवाज सुनकर महिला के देवर पहुंचा और द्वारिका को घसीटकर बाहर ले गया। रात होने के कारण पीड़िता थाने नहीं गई थी।

### पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अगले दिन पति के घर लौटने पर उसने घटना की जानकारी दी और बाद में थाने जाकर द्वारिका के खिलाफ केस दर्ज करवाया। नौवीं की छात्रा से अश्लील हरकत इधर गांधी नगर पुलिस ने स्कूली छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। फिरोज नामक युवक काफी दिनों से पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। सोमवार की रात करीब साढ़े सात बजे किशोरी पास की दुकान पर जा रही थी, तभी फिरोज ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी ने शोर मचाया तो उसेक परिजन पहुंचे, इसके पहले आरोपी मौके से भाग निकला।

## ठीक से पैर काम नहीं करने से दुखी युवक ने लगाई फांसी

### दो साल पूर्व एम्स में हुआ था कूल्हे का ऑपरेशन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित शंकराचार्य नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी भाभी और परिजन ने उसका शव बंद कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी?थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल की?टीम से कराने से बाद शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि मृतक का काम करते समय गिर गया था और उसके कूल्हे में अंदरूनी चोट थी। दो साल पूर्व ऑपरेशन कराया गया?था। ऑपरेशन के बाद उसका





एक पैर ठीक से काम नहीं कर रहा था। इसी बात को लेकर वह दुखी रहने लगा था।

पुलिस के अनुसार शारदा केवट पति मनीष केवट (37) शंकराचार्य नगर स्टेशन बजरिया में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके बगल के ही मकान में देवर महेंद्र केवट (40) पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते थे। महेंद्र प्राइवेट काम करते थे। काम करते समय वह गिर गए?थे और दो साल पूर्व उनका एम्स में कूल्हे का ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन होने के बाद उनका एक पैर ठीक से काम नहीं कर रहा था। वह परेशान रहने लगे थे।

पत्नी और बच्चे गए?थे मायके महेंद्र की पत्नी बैरागढ़ स्थित अपने मायके गई?थी। सोमवार रात महेंद्र घर में अकेले थे। वे शराब पीने के आदी थे। मंगलवार सुबह उन्होंने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो उन्हें आवाज दी गई?थी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। रोशनदान से देखने पर पता चला कि उन्होंने फांसी लगा ली है।

## मोबाइल झपटने वाले लुटेरों का नहीं लगा सुराग



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा मार्केट के पास रविवार शाम स्कूटर सवार युवकों ने दसवीं के छात्र से मोबाइल झपटने वाले लुटेरों को अब तक सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के हाथ लगे सीसीटीवी फुटेज में बदमाश नजर तो आए हैं, लेकिन उनका चेहरा साफ नजर नहीं आने के कारण उन तक पहुंचना मुश्किल लग रहा है। उल्लेखनीय है कि आदर्श नगर निवासी 17 साल का सागर पाठक, दसवीं कक्षा का छात्र है। उसके पिता नहीं है। वह मामा मामी के पास आदर्श नगर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। सागर रविवार शाम करीब साढ़े 6 बजे साइकिल से घर लौट रहा था। वह कृष्णा मार्केट पहुंचा ही था कि पीछे से आए स्कूटर सवार युवकों में पीछे बैठे युवक ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 19 हजार रुपए बताई जा रही है।

## उज्जैन भोपाल एक्सप्रेस में यात्री का पर्स और मोबाइल फ़ोन चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। उज्जैन से भोपाल की यात्रा कर रहे एक यात्री का बदमाश ने पर्स और मोबाइल चुरा लिया। पर्स में साढ़े 9 हजार रुपए की नगदी थी। मोबाइल और नगदी मिलाकर यात्री से कुल बीस हजार रुपए का सामान चोरी हुआ है। जीआरपी ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रायसेन निवासी रजनीश यादव ने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार को वह ट्रेन क्रमांक 09313, उज्जैन-भोपाल एक्स के पीछे के जनरल कोच में उज्जैन से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी नींद लग गई। भोपाल रेलवे स्टेशन आने से पूर्व नींद खुली तो जेब में रखा पर्स और मोबाइल चोरी हो चुका?था। उसी समय एक अज्ञात युवक जिसका रंग गेहुंआ उम्र करीबन 25-30 साल रजनीश के बगल में खड़ा था। रजनीश ने उसे टोका तो वह भागने लगा। रजनीश ने उसका पीछा किया, लेकिन वह फरार हो गया। रजनीश के चोरी हुए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए है, जबकि पर्स में साढ़े 9 हजार रुपए की नगदी थी।

**मेट्रो एंकर** मासूम की मौत, 100 ज्यादा मामले दर्ज पुलिस थाने में

# ईरानी डेरे में हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शहर के ईरानी डेरे में बीतीरात दो गुटों में जमकर मारपीट हुई, बताया जा रहा है कि पिपरिया के ईरानीयों ने इटारसी की ईरानी डेरा आकर जमकर मारपीट की जिसके बाद एक युवक बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल भेजा था जहाँ से नर्मदापुरम रेफर किया था। जहाँ उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया की पिछले दिनों पिपरिया के एक युवक ने इटारसी की एक लड़की से प्रेम प्रसंग के चलते विवाह किया था, जिसके बाद से ही ईरानी डेरे में शीत युद्ध का माहौल था, पुलिस ने एक पाइंट लगाया था। लेकिन बीती रात को पिपरिया के ईरानीयों ने यहां हमला कर दिया जिसमे मासूम ईरानी को ज्यादा चोट आई थी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया था जहा से जिला अस्पताल रेफर कर किया गया। उपचार के दौरान मासूम ईरानी की मोर हो गई, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जल्द है आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।



घटना में अन्य पांच लोग भी घायल हुए है, जिन्हे पुलिस ने शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया है।घायलों में बेनजीर बानो, सोहरा बानो, मयूरी,वसीम अली,इमरान अली,अली रज़ा, समीर अली है।इन सभी का उपचार जारी है।

### मृतक पर कई मामले दर्ज

मासूम ईरानी का नाम इटारसी में बहुत चर्चित नाम था। इटारसी थाने में मासूम के खिलाफ 100 से ज्यादा मामले दर्ज है। कई बार मासूम जिला बदर भी रह चुका है, मासूम पर गांजा बेचने के कई मामले दर्ज थे।

### इनका कहना है

"दो पक्षो के विवाद में एक युवक की मौत हुई है, हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। जल्द है आरोपी गिरफ्त में होंगे।"
-गौरव सिंह बुंदेला थाना प्रभारी

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022